01 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 161

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी ईद की शुभकामनाएं








आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 01 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# अखाड़ाधारियों से ज्यादा चुनौतीपूर्ण है हजारीबाग के अफसरों के लिए रामनवमी

## ड्रोन से देखा जा रहा है कि कहीं ईंट-पत्थर तो जमा नहीं किया जा रहा



भावेश मिश्रा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग की रामनवमी विशुद्ध रूप से एक धार्मिक आयोजन है लेकिन इसका राजनीतिक और प्रशासनिक महत्व भी है। जिस प्रकार से अखाड़ाधारियों द्वारा रामनवमी की तैयारियां महीनों से चलती है। ठीक उसी प्रकार प्रशासनिक स्तर पर भी इसकी व्यापक तैयारियां करनी पड़ती हैं। किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के लिए हजारीबाग की रामनवमी को शांतिपूर्ण मना लेना कभी आसान नहीं रहा है। विगत मंगला शोभायात्रा में हुई पत्थरबाजी के बाद जिला प्रशासन चौकन्ना है। हजारीबाग की रामनवमी के इतिहास को ध्यान में रखते हुए हजारीबाग की तेजतर्रार उपायुक्त नैंसी सहाय आगे बढ़ कर इसका नेतृत्व कर रही हैं। सभी आला अधिकारियों से सामंजस्य बैठा कर लगातार बैठक आयोजित कर जानकारी ले रही हैं। पुलिस अधीक्षक से सामंजस्य बैठा कर सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर

### नगर निगम को शोभायात्रा मार्ग से ईंट-पत्थर के टुकड़ों को हटाने का आदेश दिया गया

निर्णय लिया जा रहा है। रामनवमी शोभायात्रा के मार्गों को व्यवस्थित करने का प्रयास जारी है। बिजली के लटकते तारों को विभाग को जल्द सुधार करने को कहा गया है। शोभायात्रा मार्ग पर पड़े ईंट-पत्थर के टुकड़ों को नगर निगम को हटाने का आदेश दिया गया है। हजारीबाग की परंपरागत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामनवमी में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और क्षेत्र की हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। शहरी क्षेत्र एवं शोभा यात्रा मार्ग के घर की छतों और खाली पड़े ग्राउंड की तस्वीर कैद की जा रही है। ड्रोन की मदद से यह देखा जा रहा है कि कहीं भी किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान या फिर ईंट-पत्थर जमा तो नहीं किया जा रहा है। जिन-जिन जगहों पर ड्रोन कैमरे में ईंट -पत्थर के जमा होने की तस्वीर कैद हुई है उसे जिला प्रशासन जारी कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जुलूस मार्ग में 26 स्थानों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इतिहास गवाह है कि रामनवमी शोभायात्रा लगातार 48 घंटे तक हजारीबाग की सड़कों पर होती है। 108 अखाड़ाधारी अपनी-अपनी आकर्षक झांकियों के साथ लाखों की संख्या में पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र लाठी-डंडों फरसा तलवार से सुसज्जित होकर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में अपने आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का प्रकटोत्सव जन्मोत्सव मनाते हैं।

चलंत डीजे पर रोक से भक्तों में थोड़ी निराशा साफ देखी जा रही है तनावपूर्ण स्थिति न बने इसलिए लगातार दिशा-निर्देश जारी हो रहे हैं। शांति पूर्ण रामनवमी में सामाजिक संगठनों की भूमिका भी अहम रही है। अतः इनसे भी सलाह लिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दी ईद की शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ईद-उल-फितर के अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अमन, भाइचारे और सौहार्द्र का त्योहार ईद-उल-फितर के अवसर पर सभी को दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप सभी स्वस्थ, सुखी और खुशहाल रहें, यही दुआ करता हूं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ईद-उल-



फितर के अवसर पर सभी मुस्लिम धर्मावलंबी भाइयों-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि शांति, सौहार्द्र



एवं आपसी भाईचारे का प्रतीक यह त्योहार आप सबके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाये। ईद मुबारक।

## झामुमो ने पलामू और बोकारो जिला कमेटियों का गठन किया

# राजेंद्र कुमार सिन्हा पलामू और रतनलाल माझी बोकारो के झामुमो जिलाध्यक्ष बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने पलामू और बोकारो जिला कमेटियों का गठन कर दिया है।

पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजेंद्र कुमार सिन्हा गुड्डू को पलामू जिला अध्यक्ष बनाया गया है। बाल किशुन उरांव को उपाध्यक्ष, रंजन चंद्रवंशी को सचिव, अनुराग सिंह को संगठन सचिव, रमेश कुमार सिंह को सह सचिव और विशाल कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी




तरह रतनलाल मांझी को बोकारो जिलाध्यक्ष बनाया गया है। गिरधर मांझी और धुन्नू हांसदा को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार महतो को सचिव, मुक्तेश्वर महतो को संगठन सचिव, पानबाबू केवट को



सह सचिव और पंकज जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्षों को जिला कमेटियों के विस्तार के लिए जल्द से जल्द नामों की अनुशंसा करने का निर्देश भी दिया गया है।

## देवी चंद्रघंटा



*पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।*
*प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता।।*

### अर्थ

*श्रेष्ठ सिंह पर सवार और चंडकादि अस्त्र शस्त्र से युक्त मां चंद्रघंटा मुझ पर कृपा करें।*

### पूजा विधि

*देवी चंद्रघंटा का ध्यान कर कलश पर चावल चढ़ा कर जल और कच्चा दूध छिड़कें। कलश पर सफेद चंदन, अबीर और अक्षत लगाकर पलाश के फूल और पूजन सामग्री चढ़ायें। धूप-दीप अर्पित करें। दूध और मावे की मिठाइयों का भोग लगायें।*

# सरहुल पर्व की धमक इस बार दिल्ली में भी दिखेगी

## संजय सेठ के दिल्ली आवास पर सरहुल मिलन समारोह 3 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल की धमक इस बार दिल्ली में भी दिखेगी। झारखंड के आदिवासी और कलाकारों का जत्था दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर आगामी 3 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह में शिरकत करेगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा दिल्ली में पहली बार आयोजित हो रहे इस सरहुल महोत्सव में झारखंड के एक हजार से अधिक आदिवासी कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ भाग लेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने इसकी जानकारी देते



हुए कहा कि सरहुल पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देने वाला पर्व है, जो आज विश्व के लिए काफी महत्वपूर्ण है। झारखंड में सरहुल को अलग अंदाज में मनाने की परंपरा रही है, देश और दुनिया को इससे परिचित कराने के लिए पहली बार इसका आयोजन नयी दिल्ली में किया जा रहा है।



www.epaper.azadsipahi.in

01 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 161

सरहुल आज, उत्साह चरम पर





## एसपी ने संरक्षण समिति सहित अन्य संगठनों के साथ की बैठक

# रामनवमी को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है: एसपी

**संगठनों के सदस्यों और पदाधिकारियों से लिया सुझाव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी के सफल संपादन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की बैठक का दौर जारी है। रामनवमी जुलूस को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर स्थानीय प्रशासन लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में हजारीबाग की रामनवमी में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले धार्मिक और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों और पूर्व महासमिति अध्यक्षों के साथ हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक आवास स्थित सभाकक्ष में एक बैठक की गयी। बैठक में रामनवमी जुलूस के सफल संपादन को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिये। सभा कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बड़ा अखाड़ा के महंत विजय आनंद दास ने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलते हुए मर्यादित होकर रामनवमी का त्योहार मनाना चाहिए और नशा मुक्ति रामनवमी के लिए सबों को आगे आना चाहिए ताकि हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की गरिमा बरकरार रहे और दूर दराज से आए लोगों को किसी भी तरह की फजीहत का सामना न करना पड़े। वही सभा कक्ष में उपस्थित रामनवमी संरक्षण समिति कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान ने कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में जुलूस देखने के लिए भारी संख्या में महिलायें आती हैं जिनको पेयजल और शौचालय की समस्या से दो चार होना पड़ता है। वहीं संरक्षण समिति संरक्षक राजकुमार गोप ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी का अपना इतिहास है और इस को बरकरार रखने के लिए युवाओं को भी अपनी भागीदारी समझनी होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी के सफल संपादन में हमेशा से ही महासमिति, संरक्षण समिति, सद्भावना विकास मंच सहित अन्य धार्मिक और सामाजिक संगठनों का अतुलनीय योगदान रहा है हजारीबाग के लोग सजग होकर रामनवमी के अपनी भागीदारी निभाते हैं बैठक के दौरान जो भी सुझाव आया है उस पर अमल किया जायेगा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि किसी भी तरह का आपत्तिजनक गाना जुलूस के दौरान प्रतिबंधित है। आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग पुलिस सोशल मीडिया (वॉट्सएप फेसबुक) पर पैनी नजर रखी है। किसी भी तरह का धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने वाले पोस्ट करने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एसडीपीओ सदर अमित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर मनोज कुमार सिंह समेत कई उपस्थित थे।

## लोगों ने एक-दूसरे से गले मिल दी ईद की बधाई



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को ईद काफी हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया। ईद की खुशियां मनाने में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ दूसरे समुदाय के लोग भी शरीक हुए। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मौके पर मो मुख्तार, मुस्लिम मियां, इब्राहिम अंसारी, मो मंसूर मियां, सकुर मियां, मो एकतर्र, कलीम अंसारी, मो आकुब अली, तैयब मियां, मनीर उद्दीन, रफुद्दिन अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, मो. तैयब अली, रिजवान अंसारी, दाऊद अंसारी, गुलजार अंसारी, मो. राजा, अकूब अली गुलाब अंसारी, शहीद अंसारी, उस्मान मियां सहित कई लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## निकाली गयी गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** खजांची तालाब स्थित गायत्री शक्तिपीठ गायत्री कर खजांची तालाब हजारीबाग में भगवान सूर्य नारायण प्रभु श्री राम परिवार का सोमवार सुबह को महायज्ञ किया गया। महायज्ञ राजेंद्र प्रसाद और शंकर चंद्र पाठक शामिल हुए। महायज्ञ के बाद कलश पूजा की गयी। पूजन के बाद भगवान सूर्य नारायण प्रभु श्री राम परिवार का रथ के साथ कलश यात्रा निकाला गया। यह कलश यात्रा हजारीबाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। साथ ही कलश यात्रा के बाद भक्तों और लोगों में महाप्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा का हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय के बाहर भव्य स्वागत किया। सांसद मनीष जायसवाल यहां कलश यात्रा में भगवा ध्वज लेकर चलते दिखे। भक्त लोग संध्या शाम से ही संगीत और प्रवचन में मनविभोर होकर डूब गये। कलश यात्रा में सांसद मनीष जायसवाल के अलावे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव के साथ-साथ महेंद्र ठाकुर, हेमराज कुमार साव, अजय साव, अमरदीप यादव, मनोज नारायण भगत, विवेकानंद सिंह, सुदेश चंद्रवंशी, रामचंद्र साव, आलोक कुमार, ज्योत्सना देवी, रेणुका कुमारी, मीरा मेहता, पूनम मिश्रा, झूमा झा, बद्री प्रसाद, संतोष कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार, भोला भगत, उमेश प्रसाद चंद्रवंशी, सत्यपाल सिंह, अजीत चंद्रवंशी, लोकनाथ साव, आरके साहू, प्रदीप लोहानी, राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा, रामस्वरूप ठाकुर, प्रदीप कुमार सिन्हा, आनंद कुमार, आचार्य अमित शास्त्री, मीरा मेहता, पूनम मिश्रा और दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## 6 से 8 अप्रैल तक शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामनवमी त्योहार 2025 के अवसर पर संवेदनशीलता, विधि व्यवस्था और शांति बनाये रखने के दृष्टिकोण से झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 के धारा 26(1) में निहित प्रावधानों के तहत उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला के सभी प्रकार के खुदरा शराब की दुकानें, रेस्तरों और बार सहित अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्रदत्त परिसर को 6 अप्रैल से 8 अप्रैल कुल 3 दिनों तक बन्द रखने का आदेश दिया है। सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग को इस संबंध में अपने स्तर से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया है।

## पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष बने दीपक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में पासवान कल्याण समिति का एक बैठक किया गया। बैठक कि अध्यक्षता मुन्नीलाल पासवान संचालन मुंशी पासवान ने किया। वहीं प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जहां सर्वसम्मति से अध्यक्ष दीपक कुमार पासवान सचिव मुन्नीलाल पासवान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पासवान उपाध्यक्ष बिनोद पासवान उपसचिव मुंशी पासवान को चुना गया। वहीं सलाहकार में अभिराम पासवान, छोटेलाल पासवान मथुरा पासवान, कैलाश पासवान, द्वारिका पासवान, रामचंद्र पासवान, हीरालाल पासवान और मिडिया प्रभारी अजय पासवान, रवि पासवान को बनाया गया। लोगों ने कहा कि समाज को संगठित कर समाज में हो रहे कुरीतियों को हटाना है और लोगों साथ हो रहे अन्याय को रोकना, पैसे के अभाव में शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ाई नहीं करना, गरीब बेटीयां के शादी में सहयोग जैसे कार्यों के बढ़ावा देना ही समाज का मुख्य उद्देश्य है। वहीं समाज कि ओर से 4 अप्रैल 2025 को सूर्यकुंड धाम में सौर्य सिरोमनी वीर बाबा चौहरमल जंयती मनाया जायेगा। मौके पर किशोर पासवान, सहदेव पासवान, अशोक पासवान, किशोर पासवान, रामदेव पासवान, बबलू पासवान, राजेंद्र पासवान, दिपेश पासवान, दीपक पासवान, सुजीत पासवान, अभिराज पासवान समेत दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## घायल मजदूर की सदर अस्पताल में मौत


**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को कोडरमा-गया रेलखंड के नाथगंज दिलवा रेलवे स्टेशन के बीच मेंटेनेंस कार्य में लगा एक मजदूर पेंड्रोल क्लिप की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद साथी मजदूरों ने गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान गया निवासी परमेश्वर साव उम्र करीब 60 वर्ष के रूप में हुई है। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मिर्जापुर में श्री श्री 1008 सर्व कल्याण रूद्र महायज्ञ शुरू

## कलश यात्रा का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया स्वागत

**कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं के भिंड**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के मिजार्पुर ग्राम से श्री श्री 1008 सर्व कल्याण रूद्र महायज्ञ को लेकर निकाले गये कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भिंड उमड़ी, वहीं छावनिया में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा श्रद्धालुओं को बंद बोतल पानी और एक दूसरे का गले मिलकर स्वागत किया। मौके पर मौजूद पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। कलश यात्रा प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत मिर्जापुर ग्राम से हजारों हजार संख्या में नंगे पांव श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर निकले जो मिर्जापुर, सोनपुरा, शिवाडीह, सांढ़, होरम मोड़, गुरुचट्टी, बड़कागांव थाना होते हुए छावनिया के बाद बुढ़वा महादेव गुफा के निकट डुमारो नदी के तीन मोहनिया नामक स्थान पर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत जल का उठाया गया। इसके बाद श्रद्धालु कांडतरी गांव होते हुए मिर्जापुर स्थित यज्ञ स्थल पहुंचे जहां पर विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत यज्ञ की शुरुआत की गयी। जो 6 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी। 5 अप्रैल को महाआरती के साथ रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन और 6 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूर्णाहुति और भंडारे के आयोजन के बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भोजपुरी स्टार आशीष यादव और खुशी कक्कर के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

कलश यात्रा मुख्य रूप से शामिल होने वाले में विधायक रोशनलाल चौधरी, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सुनीता देवी, बचनदेव कुमार, उमेश दांगी, संदीप कुशवाहा, सोहनलाल मेहता, विवेक सोनी, टुकेश्वर प्रसाद, रंजीत कुमार, आदित्य साहू, सोनी, खेमलाल महतो, राजदेव महतो, उपेंद्र कुमार प्रसाद, रंजीत चौबे, पारसनाथ प्रसाद, भवानी प्रसाद, झमन प्रसाद, विशेश्वर नाथ चौबे, बासमती कुमारी,र ेखा कुमारी, श्रीकांत निराला, भीखन महतो, देवनारायण प्रसाद, शिव शंकर कुमार, नंदलाल महतो, अरुण कुमार, शीतल महतो, मनोज कुमार, सुरेश महतो, हरिशंकर प्रसाद, विशेश्वर नाथ चौबे, हरिनंदन प्रसाद, कलेश्वर साहू, रामधनी महतो, सुरेंद्र कुमार, बैजनाथ कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

**पुलिस और प्रशासन रहा मुस्तैद**

बड़कागांव की स्थिति और दोनों समुदाय के त्योहार को देखते हुए हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार के निर्देशानुसार एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन के पदाधिकारी और दर्जनों सशस्त्र बल तैनात दिखे जिसमें मुख्य रूप से एसडीपीओ पवन कुमार, सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी नेमधारी रजक समेत दर्जनों पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल जगह-जगह पर अपनी पैनी नजर लगाए हुए थे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया स्वागत- कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के छावनिया गांव पहुंचते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बंद पानी और गले मिलकर स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से हाजी तबस्सुम, मोहम्मद सिराजुद्दीन, मोहम्मद इब्राहिम, सोनू इराकी समित दर्जनों मुस्लिम भाइयों का नाम शामिल है।

# मंगला शोभायात्रा की तैयारी पूरी, जुलूस में शामिल होंगे हजारों राम भक्त

**रामभक्तों के स्वागत के लिए तैयार है रामनवमी महासमितिः धर्मेंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिदो-कान्हू मैदान से फुटबॉल ग्राउंड तक निकलेगी शोभायात्रा**

प्रेस वार्ता के दौरान राजेश ठाकुर ने बताया कि इस भव्य मंगला शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रीराम भक्त सम्मिलित होंगे। सिदो-कान्हो मैदान से फुटबॉल ग्राउंड तक शोभा यात्रा निकाली जायेगी। महासमिति के पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शीतल पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ में भव्य तरीके से रामनवमी का त्योहार को मनाने जा रही है। नवरात्र के पहले मंगलवार को शहर में मंगल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सोमवार को शहर के लॉ मैरिटल होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू भोपाली ने कहा कि कमेटी हजारों राम भक्तों के स्वागत की तैयारी कर चुकी है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अखाड़े के सदस्य जुलूस और परंपरागत अस्त्रों के साथ रामगढ़ पहुंचेंगे। इस प्रेस वार्ता में महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा, संरक्षक सरदार अनमोल सिंह और कोषाध्यक्ष आशीष सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

**राम भक्तों में बटेगा महा प्रसादः** फुटबॉल मैदान में सभी राम भक्तों और सनातनियों के लिए महासमिति द्वारा शीतल पेयजल और महाप्रसाद का वितरण भी किया जायेगा। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से महासमिति के मीडिया और सोशल मीडिया प्रमुख प्रवीण कुमार सोनू, संदीप महतो, विशाल राणा, रोहित सोनी, जितेंद्र मंडल और जीतू साव, सनी करमाली, शौर्य प्रसाद मौजूद थे।

## सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन 3 को

**उरीमारी(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरसुला पंचायत के चानो में अगामी 03 अप्रैल को सामुदायिक पुस्तकालय चानो का उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिवारी उर्फ निर्मल महतो के हाथों सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया जायेगा। वहीं संध्या 04 बजे से प्रसाद के तौर पर खीर खिचड़ी का वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम की जानकारी चानो के ग्रामीणों ने बैठक कर दिया। बैठक की अध्यक्षता हरिलाल महतो और संचालन देवकी महतो ने किया। मौके पर राजेंद्र महतो, उमाशंकर महतो, विश्वनाथ महतो, प्रेम चंद महतो, बासदेव गंझू, सुरेश महतो, जयनंदन महतो, तापेश्वर महतो, राजकुमार महतो, अशोक प्रजापति, बालेश्वर महतो, जगदीश साव, राजवीर प्रजापति, बाढो, बैजनाथ आदि मौजूद थे।

# डीलर ने कार्डधारियों के साथ की मारपीट



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रतापपुर / चतरा।** थाना क्षेत्र के योगिडीह पंचायत के महकमपुर के डीलर सीताराम यादव के द्वारा कार्डधारी अजय कुमार पिता गोवर्धन साव के साथ मारपीट करते हुए कई अन्य कार्ड धारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। इस संबध में भुक्तभोगी अजय कुमार ने प्रतापपुर थाने में लिखित आवेदन देते हुए कहा है की महकमपुर गांव के डीलर सीताराम यादव द्वारा सभी कार्डधारियों से राशन देने के लिए फिंगर लगवा लिया गया था। जिसके बाद राशन का बील मांगने के कारण उसने अजय कुमार के साथ मारपीट किया है। बीच-बचाव करने वाले अन्य कार्डधारी महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इस संबध में अजय कुमार ने बताया की प्रत्येक माह में राशन वितरण करने को लेकर पहले सभी कार्ड धारियों से फिंगर लगवा लेता है। जिसके बाद बिल मांगने पर धमकी देता है। महिला कार्डधारी पूनम देवी, बबिता देवी, सरिता देवी, रबीना बीबी, राधा देवी, प्रवंती देवी, तैय्यबा बानो, जगदेव भारती, मुन्नी बीबी सहित सिपु यादव ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई का मांग किया है। वहीं डीलर सीताराम यादव ने भी थाने में आवेदन देकर कहा की अजय साव पिता गोवर्धन साव अपने साथ कई कार्डधारी को लेकर मेरे दुकान पर आये और जबरन आकर पोस मशीन पटक दिये और मेरे साथ मारपीट करने लगे। इस संबध में एमओ अजीत कुमार ने बताया की मामला मेरे संज्ञान में आया है। मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की जायेगा।

## आजसू नेताओं ने बांटी सरना धोती-साड़ी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** प्राकृति पर्व सरहुल को लेकर पतरातू प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों में पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक अंदाज के तर्ज पर सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारी पतरातू क्षेत्र में जोरो से की जा रही है। सोमवार को ग्राम पंचायत जयनगर सांकूल और पालू पंचायत के किरीगड़ा गांव में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के पहल से प्राप्त सरना साड़ी धोती का वितरण आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, पतरातू प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, रामगढ़ जिला सह सचिव अजय रवि के द्वारा महिला पुरुष के बीच किया गया। इस मौके पर आजसू पार्टी के प्रखंड सह सचिव विजेंद्र मुंडा, दिलीप पहान, खिरिया देवी, रीता देवी, पुनीता देवी, निरक्षो देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नवरात्र पर पूजन अनुष्ठान जारी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्र पर पूजन और अनुष्ठान जारी है। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा अनुष्ठान के मुख्य यजमान सुमित मारवाह और उनकी पत्नी जया मारवाह से विधिवत पूजन करायी जा रही है। आठ दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान 4 अप्रैल की संध्या 3:30 बजे से माता की चौकी और 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में मां वैष्णों मंडली रामगढ़ द्वारा 3 अप्रैल की रात्रि 7:30 बजे से माता की चौकी और 5 अप्रैल की सुबह 7:30 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर को आर्टिफिशियल फूलों और विद्युत सज्जा कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर पंजाबी हिन्दू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एससी वासुदेव और महासचिव महेश मारवाह के अलावे सभी पदाधिकारी व सदस्य जोर शोर से जुटे हुए हैं।

## रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल की घोषणा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल, सदस्य शारदा प्रसाद, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पार्चन कर किया। आचार्य आशीष अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए परीक्षा परिणाम की घोषणा की। जिसमें सभी कक्षा से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं वाटिका खंड में आरोही मेहता कक्षा नर्सरी से 99.8 प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। आरोही मेहता ने सत प्रतिशत उपस्थिति भी अपने नाम दर्ज करायी। वहीं शिशु मंदिर में परिनिधि तिवारी ने सर्वाधिक अंक 93.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्या मंदिर में कक्षा सप्तम से चाहत कुमारी और कोमल कुमारी ने सर्वाधिक अंक 95.2 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल रही। मौके पर सत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीनिवास बने सनातन महापंचायत के जिला संयोजक, लोगों ने दी बधाई



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश सनातन महापंचायत के मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा द्वारा युवा नेता सह भाजपा प्रदेश कार्यालय के कोषाध्यक्ष श्रीनिवास को सनातन महापंचायत के जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। श्रीनिवास कुमार को सनातन महापंचायत के जिला संयोजक बनाये जाने पर सनातन धर्मालंबियों में खुशी की लहर है। क्षेत्र के लोगों ने सनातन महापंचायत के प्रदेश संयोजक ललित नारायण ओझा के प्रति अभार प्रकट किया है और श्रीनिवास कुमार को बधाई और मंगलकामना के साथ शुभकामनाएं दी है। श्रीनिवास ने बताया कि जिले में सनातनी पर्व-त्योहार और आपसी एकता को मजबूत बनाया जायेगा। पूरे चतरा जिले में सनातन पर्व त्योहार और जन जागरण कार्यक्रम युद्ध स्तर पर सुचारू रूप से चलाया जायेगा। श्रीनिवास को बधाई देने वालों में चंदन कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, गुंजन कुमार सिंह, अरुण कुमार चौरसिया, प्रो.जौनेद्र कुमार सिंह, बिपीन कुमार सहित काफी संख्या में सनातन धर्म के लोग शामिल हैं।

## जेएसपी पतरातू में ओपी जिंदल की पुण्यतिथि मनायी गयी

# पूजा-अर्चना और भागवत कथा का किया गया आयोजन

**जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच भोजन और उपहार का किया गया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** उद्योगपति और समाजसेवी (बाउजी) ओपी जिंदल की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को जेएसपी पतरातू के द्वारा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएसपी कैंपस स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। साथ ही भागवत कथा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंदों के बीच उपहार वितरण किया गया। इसके तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इसके अलावा जिंदल आशा और ओपीजेसीसी में भी विशेष आयोजन किये गये। जहां कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने एकत्र होकर स्वर्गीय ओपी जिंदल 'बाउजी' को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्व. ओपी जिंदल के सामाजिक और औद्योगिक योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उपस्थित लोगों ने बाउजी के दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज सेवा में योगदान देने की प्रतिबद्धता जतायी। कहा गया कि यह आयोजन बाउजी के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। जिसमें उनके द्वारा स्थापित मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, उद्योग से जुड़े लोगों, समाजसेवियों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।

www.epaper.azadsipahi.in
01 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 161

एसओए ने किट आधारित औद्योगिक उत्पादों के विकास के लिए इंसेक्टिका बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया समझौता



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# सरहुल आज, उत्साह चरम पर

## शोभायात्रा की तैयारियां पूरी, सीएम हेमंत सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रकृति पूजा का महापर्व सरहुल मंगलवार को मनाया जायेगा। इस मौके पर निकाली जानेवाली शोभायात्रा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजधानी रांची में निकलनेवाली शोभायात्रा के मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में सिरमटोली सरना स्थल पर हजारों सरना धर्मावलंबी सरहुल शोभायात्रा में भाग लेंगे। इस पावन अवसर पर सभी आदिवासी समुदाय के लोग सरना मां से आशीर्वाद लेने के लिए माथा टेकेंगे और मन्नत मांगेंगे। राजधानी को सरना झंडों से पाट दिया गया है।

### सरना स्थल पर हजारों की संख्या में पहुंचेगी मंडली

एक अप्रैल को सिरमटोली सरना स्थल पर हजारों खोड़हा मंडलियों और आकर्षक झांकियों का रंग देखने को मिलेगा। श्रद्धालु मां सरना से सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में खोड़हा मंडलियां वाद्ययंत्रों के साथ गीत गाते हुए सरना स्थल पहुंचेंगी। सभी खोड़हा मंडलियों को सरना अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।



### खोड़हा मंडलियों का होगा सम्मान

सरहुल के अवसर पर सभी समुदायों को आमंत्रित किया गया है। पारंपरिक सरना अंगवस्त्र पहनाकर खोड़हा मंडलियों का सम्मान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों स्टॉल लगाये जायेंगे, जहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जायेगा।

### पुरस्कार वितरण और विशेष सम्मान

शोभायात्रा में सबसे पहले पहुंचने वाले खोड़हा मंडलियों को सम्मानित किया जायेगा और साथ में पुरस्कार भी दिया जायेगा। इसके तहत पहले पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये नगद, दूसरे पुरस्कार के रूप में 71 सौ रुपये और तीसरे पुरस्कार के रूप में 51 सौ रुपये दिये जायेंगे। इसके अलावा पहान, पइनभोरा और महतो को भी सम्मानित किया जायेगा।

### जिला प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

सरहुल शोभायात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने भी व्यापक तैयारी की है। शोभायात्रा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। राजधानी में भारी संख्या में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

### पूर्व संध्या पर खूब थिरके सरना धर्मावलंबी

पूर्व संध्या पर सोमवार को समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की की अगुवाई में हुई बैठक में कहा गया कि यह पर्व आदिवासी समुदाय के लिए उल्लास, समृद्धि और प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में पूरे धूमधाम और उल्लास से इस पर्व को मनाने का फैसला किया गया। केंद्रीय सरना समिति ने अपने कार्यालय परिसर में सरहुल शोभायात्रा की पूर्व संध्या पर परंपरा का निर्वहन करते हुए समारोह का आयोजन किया। इसमें सरना धर्मावलंबी आदिवासी रीति के अनुसार मांदर की थाप पर खूब थिरके।

## न्यूज रील्स

### मोदी और संघ में नहीं है कोई दूरी: भैयाजी जोशी

नागपुर (आजाद सिपाही)। आरएसएस नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ में कोई दूरी नहीं है। प्रधानमंत्री बनने के 11 साल बाद पहली बार रविवार 30 मार्च को नरेंद्र मोदी आरएसएस मुख्यालय गये थे। उनके संघ मुख्यालय आने पर भैयाजी जोशी ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के आगमन से अच्छा लगा। ये पूछे जाने पर कि क्या आरएसएस और पीएम मोदी के बीच कोई दूरी है, उन्होंने साफ किया कि दोनों के बीच कोई दूरी नहीं है। पीएम मोदी पहले से अच्छे कार्य को करते हैं। उनके आने से अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की संघ से कोई दूरी नहीं है। संघ के पूर्व सर कार्यवाह भैयाजी जोशी ने औरंगजेब के मुद्दे पर भी अपनी राय रखी।

# संसद में कल पेश होगा वक्फ बिल!

- प्रक्रिया शुरू, हर सवाल का जवाब देंगे: किरेन रिजिजू

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि संसद में वक्फ बिल पेश करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। यह बुधवार को संसद में पेश होगा! सोमवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक के प्रावधानों से जुड़े हर सवाल का जवाब देने को तैयार है। इस विधेयक में अल्पसंख्यकों के साथ नाइंसाफी हो, ऐसा कोई प्रावधान शामिल नहीं किया गया है। बकौल रिजिजू, जो वक्फ विधेयक का विरोध कर रहे हैं, वे शक्तिशाली लोग हैं। उन्होंने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है। वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि विधेयक असंवैधानिक है। उन्होंने साफ किया कि आलोचना करना सबका अधिकार है, लेकिन उसका कुछ आधार भी होना चाहिए।

बकौल रिजिजू, धार्मिक प्रतिबद्धताओं और मान्यताओं से परे जाकर कई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। इससे वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

रिजिजू ने कहा, सरकार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। सभी से अपील है कि सदन में बहस और चर्चा में भाग लें। उन्होंने कहा कि संसद के बाहर रिकॉर्ड संख्या में परामर्श और विचार-विमर्श हुए हैं। संयुक्त संसदीय समिति ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे व्यापक परामर्श प्रक्रिया और सर्वोच्च प्रतिनिधित्व का रिकॉर्ड बनाया है।



### केरल के सांसदों से समर्थन की अपील

इससे पहले आज ही केरल के कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) ने राज्य के सांसदों से केंद्र सरकार के इस विधेयक का समर्थन करने की अपील की। इस पत्र को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा करते हुए रिजिजू ने कहा, खुद अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य होने के नाते वह इस अपील का स्वागत करते हैं। बता दें कि केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रिजिजू बौद्ध धर्म के मानने वाले हैं। खुद राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भी उनकी इस पहचान को रेखांकित कर इसे भारत के लिए गौरवशाली तथ्य बताया था।

# दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल का उद्घाटन 19 को

- ऊधमपुर में कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे: जितेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखायेंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जायेगी। जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू में कटरा से संचालित होगी, क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन में मरम्मत एवं नवीनीकरण का काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रेल लिंक परियोजना पिछले महीने पूरी हो गयी थी। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जायेगा तथा इस क्षेत्र के लिए आधुनिक एवं कुशल रेल सेवा उपलब्ध होगी।




केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को जम्मू में पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को ऊधमपुर पहुंचेंगे। वह दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। इसी के साथ कश्मीर तक सीधी रेल संपर्क सुविधा की लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो जायेगी। इस परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंग शामिल हैं, जिनमें सबसे लंबी सुरंग टी-49 है जो 12.75 किलोमीटर लंबी है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी है। इस परियोजना में 927 पुल भी शामिल हैं, जिनकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर है। इनमें प्रतिष्ठित चिनाब पुल भी शामिल है, जिसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसका मेहराब 467 मीटर है और यह नदी तल से 359 मीटर ऊपर है। एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा होने के कारण यह दुनिया का सबसे ऊंचा मेहराब वाला रेलवे पुल (आर्क ब्रिज) होगा।

## नया वित्त वर्ष आज से : बैंकिंग क्षेत्र में कई बदलाव भी

# बजट होगा प्रभावी, आयकर छूट की सीमा बढ़ेगी

- एटीएम से पैसे निकालने का तरीका बदलेगा
- यूपीआइ का नया नियम भी लागू हो जायेगा
- बचत खाता और एफडी पर ब्याज दर बदलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार एक अप्रैल से नया वित्त शुरू हो रहा है। इसके साथ ही वित्तीय क्षेत्र, खास कर बैंकिंग क्षेत्र में कई बदलाव प्रभावी होंगे। नये वित्तीय वर्ष में नया बजट प्रावधान भी लागू हो जायेगा। इसके तहत आयकर छूट की सीमा 12 लाख रुपये हो जायेगी। बैंकिंग क्षेत्र में जो सात बड़े बदलाव प्रभावी होंगे, उनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा।

**न्यूनतम बैलेंस नहीं रखा तो कटेगा पैसा :** एसबीआइ, पीएनबी और केनरा बैंक जैसे बड़े बैंकों ने न्यूनतम बैलेंस के नियम बदल दिये हैं। शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण इलाकों के हिसाब से अब अलग-अलग न्यूनतम बैलेंस रखना होगा। अगर बैलेंस में कमी रही, तो सीधा जुर्माना लगेगा।

**चेक से पेमेंट करने पर नया नियम :** एक अप्रैल से पॉजिटिव पे सिस्टम (पीपीएस) लागू हो रहा है, जिससे पांच हजार रुपये से ज्यादा के चेक पेमेंट के लिए कनफर्मेशन देना अनिवार्य होगा। अब पेमेंट करने से पहले चेक नंबर, तारीख, लाभार्थी का नाम और रकम वेरीफाइ करनी होगी। इससे धोखाधड़ी के मामलों में कमी आयेगी।

**डिजिटल बैंकिंग में अब एआइ करेगा मदद :** बैंकों ने नयी ऑनलाइन सेवाएं और एआइ-पावर्ड चैटबॉट लाने का फैसला किया है। साथ ही बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को और मजबूत किया जायेगा, जिससे डिजिटल बैंकिंग पहले से ज्यादा सुरक्षित और स्मार्ट हो जायेगी।

**बचत खाता और एफडी पर ब्याज दरों में बदलाव :** अब बैंक बचत खाते और फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों को जमा राशि के आधार पर तय करेंगे। इसका मतलब यह है कि जिनका बैलेंस ज्यादा रहेगा, उन्हें ज्यादा ब्याज का फायदा मिल सकता है।


**क्रेडिट कार्ड के फायदे होंगे कम :** एक अप्रैल से एसबीआइ या आइडीएफसी फर्स्ट बैंक के विस्तारा क्रेडिट कार्ड पर फ्री टिकट वाउचर, रिन्यूअल बेनिफिट और माइलस्टोन रिवॉर्ड जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी।

### मोबाइल नंबर बंद, तो यूपीआइ भी बंद

नये नियम के अनुसार यदि किसी का बैंक से लिंक किया गया मोबाइल नंबर लंबे समय तक बंद पड़ा रहा, तो उसकी यूपीआइ आइडी भी बंद हो जायेगी। नये नियम के मुताबिक अब यूपीआइ यूजर को अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर हमेशा एक्टिव रखना होगा, वरना भुगतान करना बंद हो जायेगा।

### एटीएम से कैश निकालने का नया नियम

पहले जहां दूसरे बैंक के एटीएम से पांच बार फ्री में पैसे निकाल सकते थे, अब सिर्फ तीन बार ही निकाल पायेंगे। उसके बाद प्रति लेनदेन पर 20 से 25 रुपये का शुल्क देना पड़ेगा।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 01 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# लोहरदगा-लातेहार में मनायी गयी ईद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में ईद उल फितर का त्योहार सोमवार को अकीदत और सद्भाव एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। ईद-उल फितर की नमाज ईदगाह समेत जिले भर की मस्जिदों में बिना भेदभाव के पढ़ी गयी। ईद-उल-फितर की नमाज के बाद सभी ने अल्लाह के बारगाह में हाथों को उठा कर अपने लिए और पूरे देश के आवाम के लिए अमन व तरक्की की दुआएं मांगी। लोहरदगा में शहरी क्षेत्र में ईद-उल-फितर पहली जमात सुबह 8:15 बजे जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी की इमामत में ईदगाह में नमाज अदा करायी गयी। उन्होंने खिताब करते हुए कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। हमें कुरान और हदीसों में बताये गयी राह पर चलना चाहिए। लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने भी ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा कीं। अंजुमन के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू, नाजिम-ए-आला अब्दुल जब्बारूल अंसारी सहित अन्य ओहदेदारों से गले मिलकर मुबारकबाद दी।

## भंडरा में ईद मिलन समारोह का आयोजन, बीडीओ-सीओ हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी, तेतारपोका, भंडरा में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ईद मिलन समारोह मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद सिंह, ईश्वरी मोहन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल होकर लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबाकरबाद दी तथा मीठी सेवियों का लुत्फ उठाया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि ईद प्रेम भाईचारे और आपसे मोहब्बत को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। रमजान के महीने से हमें सिख लेते हुए जीवन बिताना चाहिए। उन्होंने प्रखंड वासियों से आपसी भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा की प्रखंड का इतिहास रहा है कि लोग आपसी भाई चारगी से सभी त्योहार मनाते आये है। इसको बरकरार रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से एक दूसरे के त्योहार को मनायें।

## चंदवा ईदगाह में जुटे नमाजी , गले मिलकर दी बधाई



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** ईद के अहले सुबह लोगों ने नये कपड़े पहने, इत्र सुरमा लगाया, तैयार होकर मस्जिद पहुंचे, सुकराना नमाज पढ़ा। इसके बाद हाफिज मोहम्मद अकील हुसैन ने ईद - उल - फितर की नमाज पढ़ाया, देश में अमन चैन सुख समृद्धि के लिए दुआएं मांगी, लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, साथ मिलकर सेवइ खाकर खुशियां मनाया।

सामाजिक कार्यकर्ता अयुब खान कहते हैं कि ईद का त्योहार एकता और भाईचारे का पैगाम लेकर आती है। मुसलमानों का सबसे बड़ा यह पर्व है, जिसे मीठी ईद कहते हैं। ये त्योहार न सिर्फ इबादत का है बल्कि भाइचारा, मोहब्बत एकता और खुशियों का पैगाम लेकर आती है। रमजान के पाक महीने में हर मुसलमान अल्लाह पाक के बेहद करीब रहता है। अल्लाह के करीब रहने और अल्लाह की रहमत पाने के लिए पूरे माह रोजा रखते हैं। रमजान के दौरान तरावीह अदा की जाती है, रमजान में अल्लाह की रहमत पाने और अपने गुनाहों की माफी के लिए मुसलमान पांचो वक्त की नमाज अदा करते हैं। अल्लाह की इबादत में हरघड़ी मशगूल रहते हैं। माह-ए-रमजान की फजीलतों, इसमें की गयी इबादत और रोजे का शुक्राना अदा करने के लिए मुसलमान ईद का नमाज पढ़ते हैं, सिर्फ खुशी मनाना ही ईद का मतलब नहीं होता है, बल्कि ईद का मतलब दूसरों के साथ खुशियां बांटना भी है।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुनाहों की माफी मांगी



**कुड़ू/ सेन्हा।** कुड़ू शहर से लेकर गांव तक सभी मस्जिदों और ईदगाहों में उल्लास और अकीदत के साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गयी। कुड़ू के हमीद नगर स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की जहां सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद के इमाम अब्दुल हसीब काशमी ने नमाज अदा करायी। इस दौरान नमाजियों ने अल्लाह पाक से देश में अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इधर सुरक्षा के लिए पूरे थाना क्षेत्र में व्यवस्था की गयी थी। कुड़ू थाना प्रभारी मनोज कुमार भी लगातार गश्त करते दिखे। वहीं सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र त्योहार ईद-उल-फितर शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। ईद-उल-फितर के अवसर पर पूर्व से निर्धारित समयानुसार सोमवार को अरु बांधटोली में मौलाना गुलाम सरवर, सेरेंगहातु में हसन रजा और सेन्हा में मौलाना सफी अहमद के द्वारा ईदगाह में ईद-उल-फितर का नमाज अदा कराया गया। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के झखरा, भड़गांव, कल्हेपाट, अरु, तोड़ार, भंगाडी, सेन्हा, सेरेंगहातु सहित विभिन्न गांवों के मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी की गयी। वही नमाज अदा करने पश्चात पश्चात अपने गुनाहों से मगफरेत और देश में अमन चैन तथा सुख शांति के लिए दुआएं मांगी गयी। ईद की नमाज के लिए बच्चे,बुजुर्ग और नवजवान सभी ईदगाह और नमाज के लिये पहुंचे थे.ईद-उल-फितर के अवसर पर बच्चे, बूढ़े और नवजवानों सभी के चेहरे में खुशियां झलक रही थी।

## गारू में युवक ने लगायी फांसी

**गारु (आजाद सिपाही)।** गारु के बारेसांढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डेढ़गांव (बगइकोना) निवासी मुकेश राम (उम्र करीब 28 वर्ष पिता रामवृक्ष राम) ने शनिवार रात को फांसी के फंदे में झूल कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लिया। इस विषय में मृतक के बड़े भाई विनय राम ने थाना प्रभारी को बताया कि शनिवार की रात मुकेश अपने घर में सोने चला गया। लेकिन वह रविवार के शाम तक घर के दरवाजे को नहीं खोला। अंततः ग्राम के लोग अनहोनी की आशंका में छत को तोड़कर प्रवेश किया तो मुकेश राम को फांसी के फंदे में झूलते पाया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाना को दिया जिसके बाद थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने दलबल के साथ शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आये। जिसके बाद शव का पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया।

# एटीएम में महिला का कार्ड बदलकर 85 हजार की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** लोहरदगा रोड में बिन्देश होटल के पास लगे एसबीआई के एटीएम से पुलिस जवान की पत्नी का एटीएम कार्ड बदली कर अपराधियों ने 85 हजार रुपये की निकासी कर भागने में सफल हो गये। पीड़ित महिला संगीता कुमारी सोमवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना पहुंची और आपबीती बताते हुए कहा कि वह शिव नगर दुंदुरिया की रहने वाली है। उसका पति बुधवा उरांव झारखंड पुलिस में हैं और फिलहाल उसका ड्यूटी कोडरमा में है। सरहुल पर्व के कारण वह पैसा निकालने के लिए बिन्देश होटल के पास के एटीएम में गयी थी। वह पैसे की निकासी कर रही थी तब एक युवक वहां आकर बिना पूछे बताने लगा कि आज कल खूब ठगी हो रहा है। महिला बोली कि मुझे पैसा निकालने आता है और निकासी कर वह निकल गयी। तब फिर पीछे से वह बोला कि आपका खाता बंद नहीं हुआ है। कागज निकल रहा है। वह फिर से लौट कर आयी। उसका एटीएम कैसे चेंज किया उसे भी समझ नहीं आया। जब महिला के पति ने कहा कि कितना पैसा निकाल रही हो। 80 हजार निकासी का मैसेज आ रहा है तब उसके होश उड़ गये। फिर अपने हाथ का एटीएम कार्ड चेक की तो वह किसी निधि कुमारी के नाम से था। गुमला थाना की पुलिस ने तत्काल रिमझिम इलेक्ट्रॉनिक और अन्य स्थानों का सीसीटीवी फुटेज चेक किया तब महिला के बताये अनुसार एक व्यक्ति काफी देर तक एटीएम के अंदर था। एक युवक बाहर भी खड़ा था। बाहर खड़ा व्यक्ति पहले निकल कर एक सफेद रंग के कार के पास आया। एटीएम से निकला युवक भागता हुआ सफेद कार में बैठ गया। दूसरे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार कार बिना नंबर का था और जशपुर रोड की ओर निकला। प्रभावित महिला से लिखित शिकायत लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## लोहरदगा में तेली सम्मेलन सह चुनाव 27 अप्रैल को



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** छोटानागपुरीया तेली उत्थान समाज कोर कमिटि की संयोजक प्रो शिवदयाल साहु की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 अप्रैल को तेली धर्मशाला परिसर में तेली सम्मेलन सह चुनाव कराया जायेगा। इस निमित कोर कमिटि के सदस्य गांव गांव जाकर सम्मेलन सह चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे। समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का अपील करेंगे। अध्यक्ष एवं महासचिव पद हेतु इच्छुक आवेदको को आवेदन पत्र भरने की जानकारी दी गयी। बताया गया कि 15 से 25 अप्रैल तक अध्यक्ष और महासचिव पद के दावेदार अपना आवेदन जमा कर देंगे। अध्यक्ष पद आवेदन के साथ 3100 रुपये एवं महासचिव पद हेतु 2100 रुपये के साथ जमा करना होगा। प्रचार प्रसार के लिए छः कमिटि बनाया गया है। जिसमे कैलाश साहु एवं शिव शंकर साहु, रवि साहु एवं रिपु सुदन साहु, मनोज साहु एवं नंदकिशोर मुन्ना, प्रो शिवदयाल साहू, लाखपती साहु, सत्यनारायण साहु एवं विदेशी साहु, सोहन साहु एवं रामबिलास साहु और बलराम साहु को शामिल किया गया है।

## डुमरी में नमाज के बाद सेवई का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/ गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र में ईद का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया, सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नये कपड़े पहनकर ईदगाहों में नमाज अदा करने पहुंचे। हुसैन पेट्रोल पंप के संचालक इल्ताफ हुसैन ने बताया कि नमाजियों की सुविधा के लिए विशेष साफ-सफाई का प्रबंध किया गया था। साथ ही इस अवसर पर विशेष रूप से कैंप लगाकर लोगों को मीठी सेवई का सेवन कराया गया,वही कीमामी, शरबती, लच्छा और पापड़ी सेवई बनाई गई थी। बिस्कुट, मिठाइयां और मेवे का भी इंतजाम किया गया था। फलों में अंगूर, संतरा, सेब और केले का इस्तेमाल किया गया। पड़ोसियों और शुभचिंतकों को भी सेवई खिलायी गयी। क्षेत्र के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी ईद की रौनक दिखी। प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांव की ईदगाहों में नमाज अदा की गयी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मौके पर तैनात रहा। चौक चौराहा में लोग एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दे रहे हैं।

## सुबह से ही मस्जिदों में रही नमाजियों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के पतागाई, कोटामाटी और पुटो गांव सहित अन्य गांव में ईद-उल-फितर का पर्व मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा कर देश और समाज की खुशहाली की दुआ मांगी। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में श्रद्धालु उमड़े। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर बाजारों में भी चहल-पहल देखी गयी। लोगों ने मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों के साथ त्योहार का आनंद लिया। ईद के इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने भी देशवासियों को बधाई दी और आपसी भाईचारे और प्रेम को बनाये रखने की अपील की।

## सेन्हा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्राकृतिक पर्व सरहुल तथा रामनवमीं के मौके पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराने को लेकर रविवार शाम को प्रखंड प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के द्वारा थाना क्षेत्र सेरेंगहातु और सेन्हा में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसे आमजनों को प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का प्राकृतिक पर्व सरहुल का शोभायात्रा मंगलवार को निकाली जायेगी। सरहुल को लेकर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी ने बताया कि सरहुल तथा रामनवमीं को लेकर प्रखंड में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। साथ ही आम जनों से भेद भाव को भूल कर आपस मे मिल जुलकर शांति व सौहार्द से त्यौहार मनाने के लिये अपील की गयी।

## हरिपुर में हाथी ने युवक को दौड़ाया, घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत जरडा पंचायत के हरिपुर गांव निवासी निर्मल किस्पोट्टा का जंगली हाथी के दौड़ाने के क्रम मे टूटा पैर। ज्ञात हो कि जारी प्रखंड मे रविवार आहले सुबह एक जंगली हाथी घुसा और जरमाना निवासी अरबिंद सिंह को घायल कर दिया था एवं सीसीपतराटोली निवासी क्लेमेन्ट एक्का की मौत हो गयी थी। इसी क्रम ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथी को भगाने लगे लेकिन हाथी भगाने वालों को दौड़ाने लगा भागने के क्रम मे जामटोली निवासी निर्मल किस्पोट्टा हाथी के डर से गढ्ढा मे गिर गया जिससे उसका पैर टूट गया।

## हर्षोल्लास के साथ ईद संपन्न



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फित्र का पर्व सौहार्दपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोग ईद के नमाज अदा करने के बाद लोगों से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दिये। प्रखंड के नावागढ़ पतराटोली, बरगीडांड़, शंख मोड़ मांझाटोली, कांसीर, रायडीह, महुआटोली, रेंगोला और सुरसांग के ईदगाह और मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गयी। इस दौरान देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी। बीडीओ प्रधान हांसदाक और रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह विभिन्न ईदगाहों का दौरा कर लोगों से मिलकर ईद की बधाई दिये। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया। इस मौके पर नाजीर खान, हमीद अली,जाकीर खान, जमाल ताज,रबुल खान, साहील खान समेत कई मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद थे।

# रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने सीताराम साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित चितरी मंगल बाजार प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कमिटी का चयन किया गया। वही बैठक के दौरान पूर्व कमिटी को भंग करते हुए रामनवमी पूजा सह मेला आयोजित करने के लिये समिति का चयन किया गया। साथ ही आगामी रामनवमी पर्व भव्य रूप से मनाने तथा मेला का आयोजन करने के लिये उपस्थित ग्रामीणों के बीच विशेष चर्चा किया गया। सुचारू ढंग से रामनवमी मेला संचालन करने हेतु मेला का रूप रेखा तैयार किया गया। रामनवमी पूजा व मेला लगाने के लिये कमिटी के सभी लोगों का मन्तव्य लिया गया। इसके अलावे मेला स्थाल में मेला आये हुए अखाड़ों के विधि व्यवस्था को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नयी कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सीताराम साहू, उपाध्यक्ष सुबोध राम वर्मा, सचिव हीरा साहू कोषाध्यक्ष उदय सिंह और संरक्षक राजेंद्र साहू,कृष्णा उरांव, दुर्गा वर्मा, रंजीत सिंह, प्रकाश साहू विकास साहू, बाल सुंदर महतो, मुकेश लोहरा, अजय साहू, धीरज पाठक, गंदूर उरांव को बनाया गया।

## आज से शुरू होगा चैती छठ महापर्व

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व मंगलवार से शुरू हो रही है और फिर अगले दिन खरना का व्रत किया जाएगा। खरना व्रत की संध्याकाल में में उपासक प्रसाद के रूप में गुड-खीर, रोटी और फल का सेवन करते हैं और फिर अगले 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखते हैं। मान्यता है खरना पूजन से छठ देवी की कृपा प्राप्त होती है और मां घर में वास करती हैं। छठ पूजा में षष्ठी तिथि का अहम मानी जाती है इस दिन नदी या जलाशय के तट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और पर्व का समापन करते हैं। यह साल में दो बार मनाया जाता है। पर्व से कई मान्यताएं जुड़ी हुई है। कार्तिक मास का छठ पर्व और चैती छठ दोनों में ही आस्था समान है। यह पर्व सूर्य देव की उपासना के लिए प्रसिद्ध है और छठ देवी भगवान सूर्य की बहन हैं। इसलिए छठ पर्व पर छठ देवी को प्रसन्न करने के लिए सूर्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। किसी पवित्र नदी या सरोवर के तट पर सूर्य देव की अराधना की जाती है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य कार्यशाला संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में नए सत्र हेतु आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न हुआ। विद्या भारती योजनानुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में नये सत्र की योजनाओं और उसके क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्यशाला के माध्यम से आगामी नवीन सत्र के लिए वर्ष भर की योजनाओं का निर्माण और उसके क्रियान्वयन हेतु किये जाने वाले प्रयासों की चर्चा की गयी। सुरेश महतो ने कहा कि आचार्य विकास के साथ भैया-बहनों का विकास अपेक्षित है। नये सत्र में आचार्या बहन ऊर्जावान हो कर शिक्षण कार्य करें क्योंकि जीवन का हर पल मूल्यवान होता है। जिसे समय का सदुपयोग कर विद्यालय के भैया बहनों का सर्वांगीण विकास कार्य में करें कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के इसीसीइ पर चर्चा वर्तमान सत्र की समीक्षा कर विचार विमर्श किया गया। आचार्य भारती गठन पर चर्चा करते हुए प्रांतीय कार्य योजना, शैक्षिक पंचांग आदि पर भी विचार विमर्श किया गया। वही कार्यशाला सत्रवार आयोजित किया गया।

## 'शिक्षा की नयी उड़ान लिये' शैक्षणिक कार्यशाला का समापन

# आचार्य ने पंच पदी शिक्षण पद्धति की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विद्या भारती झारखंड की योजना अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में बाल विकास को समर्पित त्री-दिवसीय आचार्य कार्यशाला सोमवार को समापन हुआ। समापन सत्र में स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा की तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला में आपने जो मंथन किया है यह आने वाले समय में बच्चों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो साथ ही आश्वस्त किया कि शैक्षणिक गतिविधि से संबंधित हर जरूरतों की हर प्रकार से पूर्ती की जायेगी। आचार्य बच्चों के शैक्षणिक संवर्धन के लिए पूरी तरह से संकल्पित होकर शैक्षणिक कार्य में भाग ले। समापन सत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह के अतिरिक्त कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा समिति सदस्य राजेश कुमार की गरिमामय उपस्थिति रही। इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ 28 मार्च को सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सह सचिव त्रिभुवन शर्मा ने बाल विकास, आचार्य विकास, समिति विकास पर चर्चा करते हुए बाल विकास के विभिन्न आयामों से अवगत करवाया। कार्यशाला के अंतिम दिन आचार्य सुदर्शन शर्मा ने नैक के विषय में जानकारी दी। वही आचार्य आशा कुमारी ने पंच पदी शिक्षण पद्धति की विस्तृत जानकारी दी तथा आचार्य संजीव कुमार दुबे ने टीएलएम द्वारा शिक्षण की उपयोगिता बतायी। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति ने कार्यशाला में लिए गये निर्णयों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए नये सत्र 2025- 26 में बच्चों की शिक्षा दीक्षा में अप्रैल के प्रथम दिवस से ही सक्रियता लाने की बात कही। इसके पूर्व के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने प्रतिदिन प्रत्येक सत्र में साल भर की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के निमित्त कार्य योजना सुनिश्चित करायी। सत्र आरंभ से लेकर के मार्च 2026 के परीक्षा फल के बीच शैक्षणिक कार्यशाला अभिभावक गोष्ठी, मातृ सम्मेलन, नाना-नानी दादा-दादी सम्मेलन सहित नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को शैक्षणिक लाभ पहुंचाने संबंधी विषयों का प्रतिपादन किया गया।

## सदर एसडीओ संजय कुमार ने ग्रहण किया जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को मंडल कारा गढ़वा के जेल सुपरिटेंडेंट के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने यह प्रभार निवर्तमान जेल अधीक्षक नरेंद्र प्रसाद सिंह से ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि झारखंड कारा सेवा के पदाधिकारी नरेंद्र प्रसाद सिंह सोमवार को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवा निवृत्त हो गए हैं। स्थानीय व्यवस्था के तहत उपायुक्त श्री शेखर जमुआर के आदेश पर संजय कुमार ने उपरोक्त प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जेल कर्मियों के साथ संक्षिप्त बैठक की तथा निवर्तमान जेल अधीक्षक को विदाई दी। इस दौरान जेल प्रशासन से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से आंगनबाड़ी सेविका की मौत

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। वंशीधर नगर विशुनपुरा मुख्य मार्ग मधुरी मोड़ पर सोमवार को ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल के टक्कर में एक महिला की मौत हो गयी। मृतिका पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के झरना खुर्द गांव निवासी उमेश रजक की पत्नी ललिता देवी 49 वर्ष बताया गया है। जो अपने गांव झरना कला की आंगनबाड़ी सेविका भी थी। वहीं इस दुर्घटना को लेकर माधुरी गांव के दर्जनों ग्रामीण यासीन अंसारी, तौफीक अंसारी, जाबेद अंसारी, सदाम अंसारी, नेमुदिन अंसारी ने बताया कि अंधा मोड़ होने के कारण उक्त जगह पर आये दिन सड़क दुर्घटना होते रहता है। सभी ग्रामीण माधुरी मोड़ के पास प्रशासन से ब्रेकर बनाने की मांग की हैं।

## कृष्ण अवतार का उद्देश्य कर्म के साथ धर्म को जोड़ना था : संजय कृष्ण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री रामलला मंदिर में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रथम से नौ दिनों के लिए श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। वृन्दावन से पधारे विद्वान आचार्य श्री संजय कृष्ण शास्त्री जी महाराज की ओजस्वी, तेजस्वी और प्रेरणादाई कथा श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। महाराज जी ने प्रथम दिन श्री कृष्ण के जन्म के उद्देश्यों का विस्तार से वर्णन करने हुए आचार्य ने कहा कि श्री कृष्ण के अवतार का मुख्य उद्देश्य कर्म से धर्म को जोड़ना था। महाराज जी ने कहा कि श्री कृष्ण ने कई ऐसे प्रभावकारी कर्मों को स्थापित करने वाले महापराक्रमियों का नाश किया। जिन्होंने कर्म में धर्म का पालन नहीं किया। धर्म की प्रतिष्ठा और प्रभाव को अपने पैरों तले कुचलने का प्रयास किया। इस मौके पर यजमान दिलीप कमलापुरी एवं उनकी धर्मपत्नी, सचिव धनंजय सिंह, सह सचिव सत्यनारायण दुबे, सदस्य विकास दुबे, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, सदस्य अनिल शर्मा सहित सौकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र स्थित बकरी बाजार के पीछे टंकी घाट के रास्ते में वॉली ग्राउंड पर 'नया सवेरा नया उजाला' के बैनर तले एक शानदार क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। यह उद्घाटन समारोह स्थानीय समाजसेवी और नगर पंचायत मझिआंव के भावी अध्यक्ष पद प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जहां पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मझिआंव सुनील तिवारी, गढ़वा जिला डीएसपी चिरंजीवी मंडल और प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. साकेत सोनी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर सुभारभ किया। सभी मुख्य अतिथियों को युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। उद्घाटन मैच आमर और करमडीह के बीच खेला गया, जिसमें करमडीह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 152 रन बनाया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी आमर की टीम 35 रन पर ही सिमट गयी। करमडीह की ओर से ओपनिंग बल्लेबाज रमन कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 80 रन की शानदार पारी खेली।

## उमा शंकर के निधन पर विधायक अनंत प्रताप देव ने जताया शोक, मदद का दिलाया भरोसा



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के रारो गांव निवासी झामुमो के युवा नेता उमा शंकर पासवान की आकस्मिक मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं रविवार की देर शाम विधायक अनंत प्रताप देव उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह दुखद घड़ी बेहद कठिन है, लेकिन परिवार को हिम्मत और धैर्य से काम लेना होगा। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि वे किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता,मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, झामुमो नेता चंद्रशेखर प्रसाद, दीनानाथ पाण्डेय, तेज बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रीराम सेना कमेटी का गठन, रजनीकांत बने अध्यक्ष



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर शहर के बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में शनिवार की शाम में श्रीराम सेना कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूजा को सफल बनाने के लिये कमेटी का भी चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को लगातार सातवीं बार अध्यक्ष बनाया गया। जबकि ऋतुराज जायसवाल को सचिव, नित्यानंद कुमार को उपाध्यक्ष एवं दिनेश कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि संरक्षक मंडल में दीपक प्रताप देव, अशोक जायसवाल, मानवेंद्र प्रताप देव, धीरेंद्र चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, कामेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया अजय प्रसाद, गोपाल प्रसाद, रुपेश कुमार पप्पू, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रताप जायसवाल, आशीष लाल अग्रवाल, कमलेश मेहता, वीरेंद्र अग्रहरि, संजीत कुमार छोटू, अमित कुमार गुड्डू, नीरज जयसवाल, शुभम प्रकाश, राजा सिंह, डॉ संतोष कुमार, मिक्की जायसवाल, संतोष प्रसाद, विकास कुमार शालू, विनोद कांस्यकार, मिंटू कुमार, उमेश कुमार चाहत को शामिल किया गया। श्रीराम सेना के सातवीं बार अध्यक्ष बने रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने कहा कि इस बार भव्य तरीके से रामनवमी का त्योहार मनाया जायेगा। रामनवमी पर्व पर श्री बंशीधर नगर को राममय कर दिया जायेगा। गोसाईबाग स्थित लालाबागी हनुमान मंदिर से लेकर भवनाथपुर मोड़ हनुमान चौक तक भगवा ध्वज, लाईट व झालर बत्ती लगाकर शहर को आकर्षक तरीके से सजाया जायेगा। पूरे शहर को भगवा ध्वज से पाट दिया जायेगा।

# अभिनेत्री जया प्रदा ने शौकत खान को आइकॉनिक अवार्ड से किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अपनी निस्वार्थ सेवा कार्यों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले शौकत खान को पटना में 30 मार्च को हिन्दी फिल्म की सुपरस्टार फिल्म अभिनेत्री सह कई बार सांसद रह चुकी जया प्रदा ने राष्ट्रहित में लगातार बेहतर सेवा कार्य के लिए राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान को आइकॉनिक बीआईबी एक्सिलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। वहीं मंच से शौकत खान के कार्य को सुनकर सभी ने सराहना किया और कहा कि आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में सभी लोग अपने घर परिवार तक ही सीमित हो चुके हैं ऐसे हालात में शौकत खान ने गरीबों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक, खोलकर दस वर्षों में दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर देश भर में जो रिकॉर्ड बनाया है। वो बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है। ऐसे दरिया दिल इंसान को सम्मानित कर फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। जैसे ही मंच से संबोधन में शौकत खान कि सेवा कार्यों कि बातें बतायी गयी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, आयोजक और देश भर से अवार्ड समारोह में आये हुए सभी लोगों ने शौकत खान कि सेवा कार्यों की सराहनीय किया और कहा, हमारे समाज के धनवान लोगों को शौकत खान से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं शौकत खान ने जया प्रदा से सम्मानित होने के बाद कहा कि वैसे तो मुझे देश भर से अबतक सैकड़ों सम्मान और अवार्ड मिल चुका है, लेकिन आज पटना में फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा से सम्मानित होकर, उनके हाथों से अवार्ड पाकर और उनको करीब से देखकर उनसे बातें करके बहुत उत्साहित हूं और खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

**हेल्पलाइनः सदर एसडीओ ने त्योहार के दौरान नागरिक जरूरतों के लिए जारी किया नंबर 6203263175**

# अगले दस दिनों तक मिली जन शिकायतों का खुद करेंगे निस्तारण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रामनवमी और अन्य पर्व त्यौहारों के दौरान नागरिक जरूरतों से जुड़ी शिकायतों एवं सुझावों को सुनने के लिए पुनः हेल्पलाइन नंबर 6203263175 जारी किया है। उक्त मोबाइल नंबर पर गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के नागरिक सप्ताह के सातों दिन सुबह 10:00 बजे से लेकर रात्रि 10:00 बजे के बीच मैसेज कर सकते है। अगले 10 दिनों तक अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार स्वयं उक्त मोबाइल नंबर पर प्राप्त हुई जन शिकायतों और सुझावों को अटेंड करेंगे तथा शिकायतों के यथासंभव निवारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

उन्होंने कहा कि वैसे तो किसी भी कार्य दिवस में लोग कभी भी उनसे कार्यालय में आकर मिलकर अपनी बात रख सकते हैं, किंतु पर्व त्योहारों के दौरान कई बार लोग कार्यालय नहीं आ पाते हैं, ऐसे में वे अपनी शिकायत या सुझाव उक्त मोबाइल नंबर पर सुबह 10:00 से रात्रि 10: 00 बजे के बीच मेसेज कर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान जान बूझकर माहौल खराब करने वाले किसी प्रकार के अराजक तत्वों व असामाजिक गतिविधियों की जानकारी जिला के कंट्रोल रूम 6201261084 पर फोन करके भी दी जा सकती है।

# मां शायर देवी धाम महोत्सव : पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का उद्घाटन

**स्थानीय कलाकारों ने धनुष यज्ञ-सीता स्वयंवर का किया मंचन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम का पांचवा वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में आठ दिनों तक चलने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह और थाना प्रभारी विष्णु कांत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने लोगों को चैत्र नवरात्र की शुभकामना देते हुए कहा कि मेराल प्रखंड मुख्यालय में कोई भी धार्मिक या संस्कृत कार्यक्रम आपसी तालमेल से करने की परंपरा चली आ रही है जो सराहनीय है। इससे आने वाली पीढ़ी को भी सीख मिलेगा। डॉ अनिल साह ने आयोजन तथा मां शायर देवी धाम की प्रसिद्धि तथा चैत्र नवरात्र की महिमा को बताते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने दर्शकों को किए जा रहे मंचन से सीख लेने की सलाह दी। मंच उद्घाटन के पश्चात आजाद नवयुवक संघ छवआना टोला के कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ- सीता स्वयंवर का सचित्र मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। सीता स्वयंवर नाट्य प्रस्तुति में डायरेक्टर आशुतोष शर्मा के निर्देशन में भगवान श्री राम के रूप में संदीप कुमार, लक्ष्मण का सुनील राम तथा सीता का दिलेन्द्र कुमार, रावण का रविंद्र प्रसाद, बाणासुर का मुखिया पति मुन्ना राम, राजा जनक का विष्णु कांत प्रसाद, परशुराम का बलराम कृष्ण शर्मा ने किरदार निभाते हुए शानदार अभिनय किया। साथ ही एक राजा के रूप में झामुमो के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, अशोक राम, उपेंद्र शर्मा, सहयोगी श्याम, श्रवण, विजय, कृष्ण, नाथुन, विद्या, सुरेंद्र, रमेश राम आदि ने भी शानदार अभिनय किया।

# मोहब्बत का पैगाम देता है ईद का त्योहार : इमाम कारी कमालुद्दीन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मेराल के ईदगाह में आसपास के करीब आधा दर्जन गांव के बड़ी संख्या में पहुंचे मुस्लिम धर्मावलंबियों को इमाम कारी कमालुद्दीन ने नमाज अदा करायी। इस अवसर पर नमाजियों ने क्षेत्र में अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर कारी कमालुद्दीन ने तकरीर करते हुए कहा कि ईद हमें मोहब्बत का पैगाम देता है। ईद में गरीबों का भी ख्याल रखें, उन्हें अपनी खुशियों में शामिल करें। उन्होंने मेराल में वर्षों से चली आ रही गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने पर जोर दिया। वहीं हाजी मौलाना यासीन और अतहर अली ने ईद को खुशियों का त्यौहार बताते हुए सारे गिले शिकवे भुला कर एक दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, मेराल पश्चिमी पंचायत के मुखिया पति मुन्ना राम ने लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उस मौके पर सदर मुख्तार अंसारी, जफीर अंसारी, मकसूद, शेर अली, अशरफ, जहूर रंगसाज, गुलाम मुस्तफा, आरिफ, अब्दुल लतीफ सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## रंका में ईद का त्योहार प्रेम और भाईचारे के साथ संपन्न



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय में मुस्लिमों का त्योहार ईद सोमवार को प्रेम भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। रंका स्थित तक्कूशाह दाता के मजार प्रांगण ईदगाह में हजारों की संख्या में उपस्थित मुस्लिम धर्मावलंबियों को धर्म गुरू मौलाना महमूद मुफ्ती ने ईंद का नमाज अदा कराया। ईंद के मौके पर रंका अंजुमन कमेटी के सदर शोएब खलीफा, फैरूद्दीन खलीफा, जैनुल्लाह अंसारी, हाजी हुसैनी अंसारी, डॉ इकरामुद्दीन, डॉ इस्लाम, मुमताज अली रंगसाज सहित अन्य गणमान्य लोगों को युवा नवजवानों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद मुबारक किया और दुआ हासिल की।

## केतार में धूमधाम से मनायी गयी ईद

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बेलाबार एवं केतार ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज बड़े हर्षोल्लास और अकीदत के साथ अदा की गई। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया और ईद की खुशियों को साझा किया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश फैलाया। इस अवसर पर संबंधित मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, सदर शमीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, रेयाज अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्यारह हजार वोल्टेज के तार की चपेट में आने से झुलसा बच्चा

आजाद सिपाही संवादाता



**कांडी।** प्रखंड के मझिगवां पंचायत स्थित असनाखांड़ टोले में बिजली विभाग की घोर लापरवाही का खामियाजा एक मासूम को भुगतना पड़ा। रविवार की शाम टोले के नंदलाल राम का 10 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार खेल-खेल में ग्यारह हजार वोल्टेज के झूलते बिजली तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दीपक अपने साथियों के साथ गांव में स्थित पंडित जवाहर प्रजापति के निमार्णाधीन मकान के पास खेल रहा था। इसी दौरान अत्यधिक नीचे लटक रहे हाईवोल्टेज तार से वह संपर्क में आ गया। करंट लगते ही दीपक बेसुध होकर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में दीपक को कांडी स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, दीपक फिलहाल खतरे से बाहर है लेकिन उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कांडी उत्तरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर झूलते ग्यारह हजार वोल्टेज तार को तुरंत सही कराने का निर्देश दिया।

**लापरवाही का आलम : कई महीने पहले दी गयी थी शिकायत**

घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश है। मकान मालिक पंडित जवाहर प्रजापति ने बताया कि उन्होंने कई महीने पहले ही बिजली विभाग को लिखित शिकायत देकर मकान के ऊपर से गुजर रहे हाईवोल्टेज तार को ऊंचा करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि तार नीचे होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसका नतीजा मासूम दीपक को भुगतना पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ रोष जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण गांव में बच्चों की जान जोखिम में पड़ गयी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जर्जर और लटकते तारों को ठीक नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। यह घटना बिजली विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करती है।

# यूपीजी नर्सरी इंग्लिश स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह, उत्कृष्ट छात्रों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** यूपीजी नर्सरी इंग्लिश स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक परीक्षाफल वितरण कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के संस्थापक जेपी लाल ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बशर्ते उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच मिले। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने की बहुत बड़ा दायित्व शिक्षकों के कंधों पर पर है, जरूरत है उसे सही दिशा की ओर अग्रसर करने की। जबकि प्राचार्य ऋतुराज प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमें सभी वर्ग के बच्चों को जागरूक करने के साथ ही शिक्षित करना चाहिए, ताकि वह शिक्षित होकर समाज और देश में नाम रौशन कर सके। मौके पर विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए रोहित कुमार, अकाक्षी प्रिया, पूर्णिमा, रिभा, राज सोनी, पूजा, विभा, आर्यन, कामिनी कुमारी, अक्षिता गुप्ता, मनीष, नुरु बेगम, सुधा कुमारी, मधु, रिया, दिव्या, राहुल, चिरंजीवी, हेमलता कुमारी को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा परिणाम की घोषणा की गयी। इसके तहत कक्षा नर्सरी में प्रथम अभिषेख सिंह,एलकेजी में प्रथम अंश कुमार, यूकेजी में प्रथम अर्पित कुमार, वर्ग प्रथम में नयन कुमार, वर्ग द्वितीय में प्रथम वरदान सोनी, वर्ग तृतीया में प्रथम अर्जुन कुमार, वर्ग चतुर्थ में प्रथम रागिनी कुमारी, वर्ग पांच में प्रथम माही कुमारी, वर्ग छह में प्रथम अनन्या कुमारी, वर्ग सप्तम में प्रथम अक्षिता करण, आठवां वर्ग मे प्रथम माधवी कुमारी को मुख्य अतिथि ने बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद एवं अभिभावकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा प्रथम से नवम तक के भैया बहनों को उनके प्राप्त स्थान के अनुसार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गयो साथ ही विशेष पुरस्कार अनुशासन, आल ओवर टॉपर में कक्षा 1-5 में कक्षा 1 के शुभम कुमार तथा 6-10 में कक्षा नवम के भैया अमृत कुमार को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य शिव बालक ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को बताया कि अभिभावक का दायित्व होता है कि वे अपने बच्चों को घरेलू काम से दूर रखें और पठन पाठन के लिए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। साथ ही उन्होंने अभिभावकों एवं आचार्यों के बीच में समन्वय रखने की बात रखी, जिससे बच्चों का उज्ज्वल भविष्य के बारे प्रयास किया जा सके। कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदी अभिभावक कर्मचारी बंधु भगिनी उपस्थित थे।


**शपथ पत्र**



शपथ पत्र सं 1025 दिनांक: 29.03.2025 के अनुसार मैं, काजल देवी, पति का नाम जितेन्द्र कुमार मेहता, उम्र लगभग 23 वर्ष, धर्म हिन्दू, पेशा गृहणीं, वर्तमान ग्राम कारीमाटी, पोस्ट ईचाक, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग, राज्य झारखाण्डएवं स्थायी निवास स्थान ग्राम मसनोडीह, पोस्ट मसनोडीह, थाना डोमचांच, जिला कोडरमा, राज्य झारखाण्ड की निवासी हूँ तथा शपथपूर्वक ब्यान करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरे नाम से एक आधार कार्ड निर्गत है जिसका आधार कार्ड संख्या-4757 8012 4359 है जिसमें मेरा नाम KAJAL DEVI अंकित है।
2. यह कि बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा ईचाक, जिला हजारीबाग में मेरे नाम से एक बचत खाता है जिसका खाता संख्या 493810110006466 है जिसमें नोमिनी के रूप में मेरा नाम KAJAL KUMARI अंकित है।
3. यह कि KAJAL DEVI एवं KAJAL KUMARI दोनों नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वंय हूँ।
4. यह कि मैं अपने उक्त बचत खाता में अपना नाम KAJAL KUMARI के स्थान पर अपने उक्त आधार कार्ड के अनुसार KAJAL DEVI अंकित करवाना चाहती हूँ जिसके लिये यह शपय पत्र दे रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त मेरे द्वारा दिये गये ब्यान सही वो सत्य है यदि भविष्य में कोई प्रश्न उठता है तो उसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.204 Dated:18/03/2025 I, ANITA DEVI, W/O.- Sri Raju Prasad, Aged about 52 years, R/O.-H.No. 36, Ratu Road, Hesal, P.S.- Sukhdeo Nagar, District Ranchi, Jharkhand, Aadhar No.3848 0945 3414, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am resident of aforesaid address and had fully sound mind.
2. That I had one son and three daughter whose names are stated mind.
(1) Mukesh Kumar Verma Aadhar No.2169 4088 4546, son, Married, age 37year.
(ii) Annu Verma, Daughter, Married Age 33 years.
(iii)Priyanka Verma, Daughter Unmarried, Age 28 year.
(iv) Naincy Verma, Daughter unmarried, 24 years
3. That my son namely Mukesh Kumar Verma is obsessed to various bad habits because of his bad friend circle due to which he is continuously disturbing the environment of the house by quarreling with me and other family members only to grab my money and properties (Moveable and immovable).
4. That it is also come to my knowledge that Mukesh Kumar Verma is also involved in the anti/social activities.
5. That by this declaration which is sworn, signed and verified by me in fully sound mind without any fear or pressure, I hereby eject my son namely Mukesh Kumar Verma from all my properties either movable or immovable and from this very day I had no connection/relation with him so as I am not responsible for his any act/liability from today. He shall be solely responsible for his own acts.
6. That the statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.

Sworn and signed on this the 18th day of March, 2025 at Ranchi.

# तालमेल पर ध्यान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी नागपुर यात्रा के दौरान हालांकि कई कार्यक्रमों में शिरकत की, लेकिन इस दौरे का सबसे खास पहलू था उनका संघ मुख्यालय जाना। नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री कभी वहां नहीं गये थे। उनसे पहले संघ मुख्यालय जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे। वैसे तो पीएम मोदी संघ प्रचारक रहे हैं, संघ की सोच और उसके एजेंडा को लेकर उनका समर्पण संदेहों से परे रहा है, फिर भी कई वजहों से केंद्र सरकार और संघ के बीच रिश्तों में कथित रूप से थोड़ी असहजता देखी जा रही थी। पिछले साल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों से पहले कहा था कि पार्टी अब इतनी समर्थ हो गयी है कि उसे संघ के सहारे की जरूरत नहीं। इस बयान को भी दोनों के रिश्तों में असहजता से जोड़ कर देखा गया। खैर, औपचारिक तौर पर संघ की कोई बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आयी, लेकिन जब लोकसभा चुनावों में बीजेपी 'अबकी बार चार सौ पार' के दावों के बीच अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर पायी, तो माना गया कि संघ की कथित नाराजगी से उपजी उदासीनता की इसमें बड़ी भूमिका रही। इसके बाद दोनों तरफ से गलतफहमियां दूर करने की कोशिशों का नतीजा हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली अप्रत्याशित सफलता को माना गया। अब पीएम मोदी की इस यात्रा ने रहा-सहा संदेह भी दूर करने का काम किया है। आरएसएस से बीजेपी के रिश्तों के संदर्भ से अलग हट कर देखें तो भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले कुछ और अहम सवाल भी इस यात्रा से जोड़े जाते रहे हैं। ऐसा ही एक सवाल अगले पार्टी अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनने का है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा पार्टी और सरकार के भविष्य के लिहाज से अहम माने जाने वाले ऐसे कई मसलों पर फैसलों में तेजी लायेगी। पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा। हालांकि बीजेपी यह स्पष्ट कर चुकी है कि सरकार के मौजूदा कार्यकाल में किसी तरह के बदलाव का सवाल ही नहीं उठता, फिर भी संघ प्रमुख और पीएम मोदी की यह करीबी इस बात का संकेत है कि भविष्य की दिशा तय करने का काम अब ज्यादा सहजता और सामंजस्य के साथ होगा।

**पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में 28 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से 32 वक्फ बोर्ड विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम करते हैं। कुल 8,72,802 वक्फ संपत्तियों के साथ, भारत में वक्फ संपत्तियों का आकार बहुत बड़ा है। इसके अलावा, 4,02,089 'वक्फ बाय यूजर' हैं, लेकिन उनके लिए कोई उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इतनी बड़ी संपत्ति होने के बावजूद, केवल 1,088 वक्फ डीड पंजीकृत की गयी हैं और 26,676 निजी वक्फ (वक्फ अल औलाद) संपत्तियां हैं।**

# वक्फ बोर्ड भूमि घोटाले में मुख्य पीड़ित बने मुसलमान



हर्ष रंजन




**वक्फ संपत्तियों का आकार :** देश में सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी भूमि वक्फ की है। भारतीय वक्फ संपत्ति प्रबंधन प्रणाली (वामसी) पोर्टल के मुताबिक भारत में वक्फ संपत्तियों का कुल क्षेत्रफल 37.39 लाख एकड़ से अधिक है।

भारत में 28 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से 32 वक्फ बोर्ड विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम करते हैं। कुल 8,72,802 वक्फ संपत्तियों के साथ, भारत में वक्फ संपत्तियों का आकार बहुत बड़ा है। इसके अलावा, 4,02,089 'वक्फ बाय यूजर' हैं, लेकिन उनके लिए कोई उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इतनी बड़ी संपत्ति होने के बावजूद, केवल 1,088 वक्फ डीड पंजीकृत की गयी हैं और 26,676 निजी वक्फ (वक्फ अल औलाद) संपत्तियां हैं।

**भारत में वक्फ का इतिहास और वर्तमान संकट :** भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रशासन कई विधायी परिवर्तनों के माध्यम से विकसित हुआ है, जिसका उद्देश्य प्रशासन में सुधार और कुप्रबंधन को रोकना है। 1894 में प्रिवी काउंसिल के आदेश के बाद से, मुस्लिम वक्फ अधिनियम संशोधन (1913, 1923, 1930), वक्फ अधिनियम 1954 और इसके बाद हुए संशोधनों सहित विभिन्न कानूनों ने वक्फ प्रशासन को आकार दिया है। वक्फ अधिनियम, 1995 ने विनियामक तंत्र को और मजबूत किया, जिसमें 2013 में एक प्रमुख संशोधन ने इसके दायरे का विस्तार किया।

**यह पर्व प्रकृति के पुनर्जनन और फसलों की समृद्धि की कामना से जुड़ा है।**

इतना शानदार इतिहास होने के बावजूद, भारत में वक्फ बोर्ड अनियमितताओं और कुप्रबंधन के आरोपों में घिरे हुए हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए वक्फ संपत्तियों को अक्सर अवैध रूप से बेचा जाता है या निजी संस्थाओं को औने-पौने दामों पर पट्टे पर दे दिया जाता है। बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार ने मुस्लिम समुदाय के भीतर बढ़ती अशांति को जन्म दिया है, क्योंकि अतिक्रमण, अवैध भूमि लेनदेन और कानूनी विवादों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि, भले ही इस समस्या को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, लेकिन अधिकांश समुदाय के सदस्य सामाजिक प्रतिक्रिया और साथियों के दबाव के डर से बोलने से बचते हैं।

**बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और कानूनी विवाद :** वक्फ संपत्तियों के एक बड़े हिस्से पर अतिक्रमण है, जिस कारण कई कानूनी लड़ाइयां हो रही हैं। वामसी पोर्टल के अनुसार, वर्तमान में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण के 58,890 मामले हैं।

वक्फ संपत्तियों से संबंधित कुल मुकदमेबाजी के मामलों की संख्या 31,999 है, जिनमें से 16,140 मामले विशेष रूप से अतिक्रमण से संबंधित हैं। इनमें से 3,165 मामले मुस्लिम याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किये गये हैं। मुस्लिम समुदाय के कई लोगों का मानना है कि वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के चलते भ्रष्ट अधिकारियों और निहित स्वार्थी लोगों के लिए इन संपत्तियों का दोहन करना संभव हुआ है, जिससे समुदाय को उसके सही संसाधनों से वंचित किया जा रहा है।

**बोलने का डर और आंतरिक संघर्ष :** इस मुद्दे ने समुदाय के भीतर आंतरिक कलह को जन्म दिया है क्योंकि लोगों को तेजी से एहसास हो रहा है कि वक्फ संपत्तियों का कुप्रबंधन मुख्य रूप से मुसलमानों को नुकसान पहुंचाता है।

हालांकि, सामाजिक दबावों के कारण खुलकर आलोचना करना दुर्लभ है। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रमुख मुस्लिम हस्तियों, शिक्षाविदों और विचारकों ने वक्फ कानून सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर बढ़ती, लेकिन अव्यक्त आम सहमति को उजागर किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कई समुदाय के प्रभावी लोग धार्मिक और राजनीतिक समूहों से प्रतिक्रियाओं के डर से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बोलने में हिचकते हैं।

**पूरे भारत में मुकदमेबाजी और शिकायतें :** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को पूरे भारत में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण के बारे में कई शिकायतें और अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इन अतिक्रमणों का पैमाना खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें अक्सर वक्फ बोर्ड की प्रत्यक्ष संलिप्तता होती है।

**विभिन्न शहरों में कई मामले संकट की सीमा को उजागर करते हैं:** भोपाल में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से एक वक्फ कॉम्प्लेक्स बनाया गया था और 125 पंजीकृत कब्रिस्तानों में से 101 रहस्यमय तरीके से गायब हो गये हैं। हैदराबाद में अकेले 2021 में अतिक्रमणकारियों को 765 नोटिस जारी किये गये, जबकि भारत के सबसे अमीर लोगों में से एक तेलंगाना के वक्फ बोर्ड के पास 5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है, फिर भी इसकी 75% जमीन पर अतिक्रमण है।

मुंबई में, महाराष्ट्र की 60% से अधिक वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, परेल में मूल रूप से 72 एकड़ में फैली लाल शाह बाबा दरगाह, अब वक्फ भूमि पर बने आवासीय टावरों से घिरी हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया है कि लखनऊ मेंवक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गयी 78% भूमि वास्तव में सरकारी स्वामित्व वाली है और 1989 के सरकारी आदेश को रद्द कर दिया गया है, जिसने अवैध रूप से गैर-खेती योग्य भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत किया था। पटना में, बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड ने हिंदू बहुल गांव गोविंदपुर, फतुहा में भूमि के स्वामित्व का दावा करते हुए एक नोटिस जारी किया, जिससे सात हिंदू परिवार प्रभावित हुए।

**वक्फ संशोधन विधेयक 2024 सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है :** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके माध्यम से मुसलमानों के साथ अन्याय करने का दावा भ्रामक है, क्योंकि इसका एकमात्र उद्देश्य समुदाय के लाभ के लिए बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों और कानूनी विशेषज्ञों का तर्क है कि सामुदायिक संपत्तियों के आगे दुरुपयोग को रोकने के लिए वक्फ बोर्डों को पूरी तरह से बदलना चाहिए। कुछ लोगों का सुझाव है कि वक्फ संपत्तियों को सख्त सरकारी निगरानी के तहत लाया जाना चाहिए, जिसमें निर्णय लेने में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने वाले तंत्र हों। वक्फ मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए वक्फ अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता है, क्योंकि सामुदायिक कल्याण के लिए बनायी गयी संपत्तियां भ्रष्टाचार और व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं बननी चाहिए।

**वक्फ संशोधन विधेयक 2024 की मुख्य विशेषताएं :** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को वक्फ संपत्तियों से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के रूप में सराहा जा रहा है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को दूर करना है। सबसे बड़ी समस्याओं में से एक रिकॉर्ड को डिजिटल बनाना और उन्हें वामसी पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता रही है।

संशोधन में यह अनिवार्य किया गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाये, ताकि अधिक पारदर्शिता और पहुंच में आसानी सुनिश्चित हो सके।

**सरकार का होमवर्क और परामर्श :** सरकार ने पिछले आठ वर्षों में मुस्लिम समुदाय के साथ व्यापक परामर्श किया है, जिसमें वक्फ से संबंधित मुद्दों और संभावित सुधारों पर देशव्यापी चर्चाएं शामिल हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर एक संयुक्त समिति का गठन किया गया, जिसने जनता की प्रतिक्रिया लेने के लिए पूरे भारत में 36 बैठकें कीं। इसके अलावा, समिति को संबंधित नागरिकों से लाखों सुझाव मिले, जिससे संशोधन की आवश्यकता और भी बढ़ गयी। विशेष समूहों के दावों के विपरीत कि सरकार विधेयक थोप रही है, वास्तविकता यह है कि प्रस्तावित संशोधन व्यापक परामर्श का परिणाम हैं। विधेयक का प्राथमिक प्रतिरोध मुस्लिम समुदाय के भीतर प्रभावशाली व्यक्तियों से आता है, जो इसे वित्तीय खतरे के रूप में देखते हैं, क्योंकि इससे वक्फ संपत्तियों की अवैध बिक्री और अतिक्रमण पर रोक लग जायेगी। हालांकि, आम मुस्लिम आबादी, खासकर मुस्लिम महिलाओं ने यह मानते हुए सरकार की पहल का स्वागत किया है कि ये सुधार सामुदायिक संपत्तियों का और अधिक शोषण होने से बचायेंगे।

**निष्कर्ष :** वक्फ संपत्ति अनियमितताओं से न केवल वक्फ बोर्डों की प्रशासनिक विफलता का पता चलता है, बल्कि मुस्लिम समुदाय के लिए एक नैतिक दुविधा भी खड़ी हो गयी है। जब तक इस भूमि के निष्पक्ष प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए साहसिक कदम नहीं उठाये जाते, तब तक घाटा बढ़ता रहेगा, जिसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो वक्फ संसाधनों पर सबसे अधिक निर्भर हैं। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 एक व्यवस्थित और पारदर्शी समाधान की पेशकश करता है, लेकिन सवाल यह हैः क्या समुदाय व्यापक भलाई से जुड़े इन सुधारों का समर्थन करेगा या आंतरिक सत्ता संघर्ष इसकी प्रगति में बाधा डालते रहेंगे।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# विधायक सरयू राय ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, साफ-सफाई का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने चैती छठ के मद्देनजर विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। सोमवार को निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को घाटों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। विधायक श्री राय ने सोनारी स्थित दोमुहानी घाट, बच्चा सिंह बस्ती घाट और कपाली घाट का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान दोमुहानी घाट पर पानी की कमी पायी गयी, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने डैम से अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की। साथ ही, घाट की साफ-सफाई दुरुस्त करने की भी अपील की। इसके बाद श्री राय ने बच्चा सिंह बस्ती घाट और कपाली घाट का निरीक्षण किया। जहां साफ-सफाई की कमी स्पष्ट रूप से नजर आई। इस पर उन्होंने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया छठव्रतियों की सुविधा के लिए अविलंब सफाई अभियान चलाया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। श्री राय ने कहा कि कदमा के शास्त्रीनगर, सतीघाट, रामनगर घाट, सोनारी दोमुहानी, बच्चा सिंह बस्ती घाट और कपाली घाट पर हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसलिए इन घाटों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को गंदगी दूर करने के संबंध में सख्त निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, नीरज सिंह, रवि ठाकुर, संजय तिवारी, अजीत सिंह, प्रशांत पोद्दार, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, रवि शंकर सिंह, शेषनाथ पाठक, लालू रजक, अतुल सिंह, उत्तम कुमार, संजय रजक, नारायण प्रसाद, काजल मुखर्जी समेत भाजपा और जदयू के कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी और पुत्र की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** कपाली ओपी पुलिस ने पत्नी और पांच वर्षीय पुत्र की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी सुखराम मुंडा को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त लोहे का तावा, जीआइ पाइप और एक शेविंग ब्लेड बरामद कर लिया। सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए चांडिल एसडीपीओ अरविंद बिन्हा ने बताया घटना की सूचना मिलते ही एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखराम मुंडा को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया तमोलिया निवासी सुखराम मुंडा मामूली विवाद में सोमवार तड़के लोहे के तावे और जीआइ पाइप से अपनी पत्नी और पुत्र को पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार, पुअनि कौशल कुमार, सुमित तिर्की, हीरालाल मुंड्डु और सअनि गुप्ता सिंह सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी रविवारी सिंह और पांच वर्षीय पुत्र गोलु मुंडा की हत्या करने की बात स्वीकार ली।

# पूर्व वार्ड पार्षद के घर में घुसा अनियंत्रित ट्रेलर

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला नगर पंचायत अंतर्गत राजबांध में बीती रात ओवरटेक करने के क्रम में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पूर्व वार्ड पार्षद बलराम साहू के घर में जा घुसा। घटना के बाद ट्रेलर के चालक और खलासी दोनो को गाड़ी से बाहर निकाला गया। इस घटना में ड्राइवर और खलासी को मामूली चोटे आयी हैं। इधर दुर्घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरायकेला- खरसावां केवल नाम मात्र का जिला रह गया है। यहां कहीं भी जिला स्तरीय कोई सुविधा नहीं है। जिले में आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन प्रशासन इसपर अंकुश लगाने में विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि कल रात हुई सड़क दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# पूर्णिमा साहू ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया सुपुत्री का जन्मदिन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने अपनी सुपुत्री आराध्या का जन्मदिन जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया। सोमवार को वर्मामाइंस स्थित आदर्श सेवा संस्थान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विधायक पूर्णिमा साहू एवं समाजसेवी ललित दास ने संस्थान के सैकड़ों बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर संस्थान के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री (कॉपी, किताब, बॉक्स), स्कूल बैग, वाटर बोतल, चॉकलेट एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की। विधायक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है और यह पहल बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करेगी।कार्यक्रम में विधायक पूर्णिमा साहू ने बच्चों के साथ जन्मदिन की गीत गाया और सभी का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नन्हीं आराध्या भी नयं साथियों के बीच हर्षित और उत्साहित नजर आयी। विधायक ने कहा खुशियां बांटने से बढ़ती हैं, इसी सोच के तहत हमने जरूरतमंद बच्चों के बीच आराध्या का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। हमारी इच्छा है आराध्या एक अच्छी इंसान बने और सेवा व परोपकार से जुड़ी रहे। किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना ही जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार हो सकता है। इस आयोजन में आदर्श सेवा संस्थान के पदाधिकारी, समाजसेवी, स्थानीय लोग एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# बुचेन लाया ने शुरू की शुगर फ्री शकरकंद की खेती

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आटी पुआल मशरूम प्रा लिमिटेड वंदोवान के एमडी डॉक्टर अमरेश महतो के मार्गदर्शन में पटमदा के गाड़ीग्राम गांव के ग्राम प्रधान बुचेन लाया ने 2 बीघा जमीन पर शुगर फ्री शकरकंद की खेती शुरू की है। इस मौके पर वहां मौजूद डॉक्टर अमरेश महतो ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को चुनौती देने और देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नई कृषि तकनीक का उपयोग करके देश को समृद्ध बनाना हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का मिशन, विकासशील भारत 2047 का लक्ष्य है, जिसके तहत बीइएफ द्वारा 2047 तक विकसित भारत संवाद और पुरस्कार लॉन्च किया गया है। इसी उद्देश्य की कड़ी में ग्राम प्रधान बुचेन लाया की 2 बीघा जमीन पर शर्करा एवं ग्लूटन मुक्त पौष्टिक शकरकंद (नारंगी रंग के गुदे) की खेती शुरू किया गया है जो तीन महीने में फसल तैयार हो जाता है। यह शकरकंद कम चीनी और ग्लूकोज से मुक्त एक पौष्टिक आहार है। साथ ही यह कैंसर, मधुमेह और गैस्ट्रिक रोगियों के लिए एक उत्कृष्ट भोजन भी है । उन्होंने कहा कि दो बीघा में शकरकंद की खेती के अलावा पेडीस्ट्रा मशरूम और कसाबा की खेती तथा सीआर धान 310 की खेती भी यहां किया जायेगा। डॉक्टर महतो ने यह भी बताया कि पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में और भी कई किसान इस तरह की खेती शुरू करने वाले हैं ।

# मागे मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** 31 मार्च सोमवार को आदिवासी हो समाज कदमा कमेटी के तत्वाधान में मागे मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत दिउरी गुरूचरण बोदरा एवं सामु हेंब्रम द्वारा देशाउली में आपने इस्ट देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरूआत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुबोध श्रीवास्तव, प्रकाश कोया,रवि सावैयां शामिल हुए। इस आयोजन के द्वारा कमेटी आदिवासी संस्कृति को बरकरार रखने एवं संरक्षित करने में प्रयासरत है, देशउली नहीं होने के कारण हो समाज कदमा कमेटी के द्वारा क्लब या अन्य जगहों पर कार्यक्रम को किया जा रहा है। इसको देखते हुए विधायक ने कहा कि आने वाले समय में बहुत जल्द कोई निश्चित जगह को चिन्हित कर देशाउली के लिए एक भवन का निर्माण किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट परिधान धारण करने वाले युवक एवं युवती का चयन किया गया, जिसमे हिरा मागे पोरोब 2025 के लिए नेहा सामड और हिरला मागे पोरोब 2025 के लिए रोहित बोदरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूरन हेंब्रोम, राजेश बानरा, सोमा तिरिया, नीलमोहन बानरा, बुनु पुरती, सीता हेंब्रोम, पूनम सोय, सरस्वती हेंब्रोम, अनिल बोदरा, डुबराज बोदरा आदि का योगदान रहा।

# यादव समाज के सामुदायिक भवन का उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के लोकप्रिय सांसद विद्युत वरण महतो एवं पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से सोनारी में नगर विकास एवं आवास विभाग निधि से जमशेदपुर अक्षेस अंतर्गत यादव समाज के सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा भाजपा सदैव पिछडो के साथ खडी है एवं जमशेदपुर लोकसभा मे यादवो के उत्थान के लिये सदैव तत्पर है। विधायक सरयू राय ने कहा सोनारी की जनता की समस्याओ के समाधान के लिये वे सदैव तत्पर है सड़क, नाली, बिजली, पानी से लेके पर्यावरण संबंधी समस्या तक का त्वरित एवं संपुर्ण समाधान वे करेंगे। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, पश्चिम विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, भाजपा सोनारी मंडल प्रशांत कुमार पोद्दार, यादव समाज के अध्यक्ष एसएन यादव, त्रिभुवन यादव, सतेन्द्र सिंह यादव एवं बस्ती के महिला एवं पुरुष गण मान्य सम्मानीय गण सम्मिलित थे।

# जंगल में लकड़ी लेने गयी युवती से सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांडू/पलामू।** पांडू थाना क्षेत्र के झरना कला में 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की शाम पांच बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक युवती लकड़ी लेने के के लिए पास के जंगल में गईं थी। वहीं, घात लगाकर बैठे युवकों ने उसे दबोच लिया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता ने पांडू पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पांडू पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि बाकि की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही बाकि के आरोपितों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# तीरंदाजी में जिज्ञासु ने झारखंड को दिलाया गोल्ड मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव निवासी शिक्षक देवेंद्र कुमार के पुत्र जिज्ञासु रंजन ने राष्ट्रीय मिनी सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड को गोल्ड मेडल दिलाया। यह प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित गुंटुर में हुआ था। राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी प्रतियोगिता 26 मार्च से 29 मार्च तक चला, जिसमें भारत के 28 राज्यों के आर्चरी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। झारखंड की ओर से चार खिलाड़ी भाग लिए थे। जिज्ञासु रंजन का तीरंदाजी में अधिक पॉइंट आने पर इन्हें गोल्ड मेडल मिला। जिज्ञासा रंजन को गोल्ड मेडल मिलने से हजारीबाग जिला ही नहीं पूरे झारखंड राज्य का गौरव बढ़ा है। जिससे बडकागांव के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। जिज्ञासा रंजन ने बताया कि झारखंड को कुल 8 मेडल मिला। जिसमें से तीन गोल्ड मेडल, तीन सिल्वर मेडल एवं दो ब्रांच मेडल मिला। जिज्ञासु रंजन के साथ कोच अमित कुमार खेल मैदान में मौजूद थे। जिज्ञासु रंजन के पिता देवेंद्र कुमार ने बताया कि जिज्ञासु का रुचि तीरंदाजी के क्षेत्र में बचपन से ही है। और मैं उसकी रुचि के आधार पर सहयोग करता रहा। वह बहुत कम उम्र में अपने संघर्ष के की सीढ़ी से सफलता अर्जित किया। जिज्ञासु रंजन फिलवक्त बड़कागांव के आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नवी वर्ग का छात्र है। बड़कागांव तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में दो वर्ष से कोच दुर्गेश कुमार और अमित कुमार से प्रशिक्षण ले रहा है।नेशनल गेम में गोल्ड मेडल मिलने पर विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग जिला के तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार,सचिव मनोज कुमार , आईलेक्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य दीपक कुमार, बी.एम. मेमोरियल स्कूल के उप निदेशक दिनकर कुशवाहा, प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा,सुनीता देवी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, शिक्षक संजय सागर,उप मुखिया सत्यदेव कुमार, दीपक कुमार,पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, सरोज कुमार ने बधाई दी है।

## हुसैनाबाद, चैनपुर और सतबरवा में अकीदत के साथ मनायी गयी ईद-उल-फितर

# ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन, शांति और सौहार्द की दुआ

आजाद सिपाही टीम







विभिन्न जगहों पर मस्जिदों में ईद उलफितर की नमाज अदा करते अल्पसंख्यक समुदाय के लोग। एक-दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाई देते हुए।

**हुसैनाबाद/सतबरवा/चैनपुर/पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सोमवार को ईद का त्योहार मनाया गया। इस दिन सुबह अकीदत के साथ ईद की नमाज अता की गयी। हुसैनाबाद के दातानगर स्थित ईदगाह मैदान में बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी। इसके अलावा लम्बीगली तालाब मस्जिद, इस्लामगंज मदरसा, नूरी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गयी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के मैदान में विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह और नपं के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार ने लोगों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कहा कि ईद में हम सभी हिन्दू-मुस्लिम भाई मिल जुलकर त्योहार का आनंद उठाते हैं। मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जाकिर उर्फ राज अली, डॉ एजाज आलम, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, नेहाल असगर, मुन्ना कुमार देव, जमील अहमद, सुहैल आलम, रहमान राईन, इस्तेयाज खान उर्फ बड़ा बाबू, अमीन खान, इस्तेयाज आलम आदि मौजूद थे। वहीं, ईद पर शहर के इस्लामगंज, रमजान नगर, लम्बीगली, चिकटोली, किला रोड, सैयद टोली, मिजार्पुर, मोहम्मदाबाद के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों देवरी, सूबेदार बीघा, ऊपरी, सदाबीघा, झरगड़ा, मांडर, बेनी, बुधुआ बाजारी आदि गांवों में ईद के नमाज के बाद बधाई दी गयी। सेवई से मुंह मीठा कराया। उधर, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस कर्मी सक्रिय रहें।

### मांगी आपसी सौहार्द की दुआ

सतबरवा के करमा गांव में मुफ्ती इकबाल की ओर से सोमवार को जमा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा करायी गयी। उन्होंने कहा कि ईद रमजान के आखरी यानी चांद दिखने के बाद मनाया जाता हैं। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता अबुल हसन उर्फ जुम्मन मियां ने कहा कि ईद उल फितर मुसलमानों को आपसी भाईचारा का बढ़ावा देने वाला त्योहार हैं। इस दिन सभी नए कपड़े पहन कर मस्जिद में नमाज अदा करते हैं। इस दौरान लेसलीगंज के पुलिस मौजूद थी। वहीं, मौके पर मरगूब अहमद, कुतुबुद्दीन मौलाना शाहिद राजा, युवा व्यवसाई शमशाद अंसारी, तहसीन राजा, सिपटेन राजा मकसूद आलम, वकील अहमद, जाहिर अंसारी, जाहिदुला अंसारी, जफर इकबाल, जफर अंसारी, तबरेज अंसारी, इसरार अहमद, इकबाल अंसारी, पूर्व सदर मोहिउद्दीन अंसारी, सरवर आलम और आरिफ अंसारी आदि मौजूद थे।

### ईद का उत्साह

चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नेउरा गांव में माह-ए-रमजान की एक महीने के रोजा रखने के बाद मुसलमान ने सोमवार को अपने नजदीकी मस्जिदों-ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की। सोमवार को नेउरा गांव के साथ ही विभिन्न गांवों की मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम हकीकतमंदो के द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर चैनपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य फजायल अहमद ने विभिन्न पंचायत में पहुंचकर लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिए। कहा कि भारत में सभी धर्म संप्रदाय के लोगों को अपने-अपने धर्म एवं मजहब को मानने की स्वतंत्रता है यही हमारी भारत की खूबसूरती है जो विश्व के किसी देश में नहीं मिलती है। आज हम लोग ईद की बधाई दे रहे हैं। अभी सरहुल और रामनवमी का भी त्योहार आ रहा है। इसे भी हमें मिलजुल कर शांति और सौहार्द के साथ मानना है।

# सांसद मनीष जायसवाल के विनोबा भावे विवि के सांसद प्रतिनिधि बने डॉ सुकल्याण मोइत्रा




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के बड़कागांव रोड़ निवासी एसोसिएट प्रोफेसर सह सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सुकल्याण मोइत्रा को हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने सोमवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होंने इस संदर्भ में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखा है। साथ ही डॉ सुकल्याण मोइत्रा को भी इस संदर्भ में पत्र लिखकर सूचित किया है। डॉ सुकल्याण मोइत्रा को इस नए दायित्व की सांसद प्रतिनिधि जायसवाल ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि विश्वास है कि आप विनोबा भावे विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के हितार्थ अपनी सेवा ईमानदारी और निष्ठापूर्वक देंगे। इधर, सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने के बाद उन्हें लगातार बधाई और शुभकामनाएं मिल रही है। इसकी जानकारी हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# पूर्व नपं उपाध्यक्ष ने पत्रकारों को किया सम्मानित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों को ईद पर हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 के मेहदीनगर में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी की ओर से सोमवार को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया. इसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कई पत्रकार शामिल हुए। पूर्व नपं उपाध्यक्ष व प्रबुद्ध लोगों ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों को लोकतंत्र का प्रहरी बताया। कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में इनके किरदार को कभी कम करके नहीं आंका जा सकता है। इस अवसर पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, हसनैन जैदी, प्रवीर बराट, महेश अग्रवाल, अमीन खान, मुन्ना कुमार दे, पालहे सहति पत्रकार जितेंद्र प्रसाद, संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल, धनंजय कुमार, कमलेश कुमार विश्वकर्मा, गौतम पटेल, विकास कुमार, जितेंद्र रावत और अखलेश पासवान आदि थे।

# ईद और रामनवमी मिल कर मनाना देश की खूबसूरती : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के चैनपुर में महावीर नवयुवक दल की ओर से रामनवमी पूजा की शुरूआत एकम के दिन मेदिनीनगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, माता हीरामणि ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, शहर के बड़े व्यवसाई गणेश गिरी, समाजसेवी कंचन अग्रवाल एवं महावीर नवयुवक दल चैनपुर के जनरल चंदू गुप्ता और सदस्यों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जनरल चंदू गुप्ता ने तलवार एवं अंग वस्त्र देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि आज के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। जिसे हम उनके जन्मोत्सव के रूप में मानते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि रामनवमी के दिन से ही गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण लिखना शुरू किया था जो हम हिंदुओं का सबसे बड़ा ग्रंथ है। यह पर्व हम हिंदुओं के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल एवं श्री गणेश गिरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि हम हिंदू इस पर्व को शांति और श्रद्धा के साथ मनाते आए हैं जो हमारे शहर के लिए एक मिशाल है। प्रथम महापौर ने कहा कि आज ईद और रामनवमी हम साथ मिलकर मना रहे हैं यह हमारे देश की खूबसूरती है।

# पलामू के रामनवमी की ख्याति देश स्तर पर ले जाना है : जुगल किशोर



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी की शुरूआत हो गई। रविवार को विवेकानंद चौक पर पूजा पाठ के बाद झंडा स्थापना किया गया। इसी क्रम में शाहपुर में महावीर नवयुवक दल जेनरल कार्यालय का शुभारंभ किया गया। महावीर नवयुवक दल जेनरल मेदिनीनगर के अध्यक्ष जुगल किशोर ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। महावीर नवयुवक दल जेनरल मेदिनीनगर के तीन दर्जन से अधिक पदाधिकारियों की पगड़ीपोशी कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रथम डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल, रामनवमी समिति के वरिष्ठ संरक्षक गणेश गिरी, संरक्षक सह सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, नरेश प्रसाद सोनी, मनोहर कुमार लाली शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहपुर जेनरल के अध्यक्ष मुकेश कुमार जायसवाल उर्फ लड्डू और संचालन संरक्षक भोला पांडे ने किया। इस अवसर पर जुगल किशोर ने कहा कि पलामू की रामनवमी को देश स्तर पर पहचान दिलानी है। झारखंड में यहां की रामनवमी की चर्चा होती है। इस सिलसिले को बरकरार रखना है। कहा कि लगातार कार्यभार संभालने के कारण वे ऊजार्वान हुए हैं। जिस तरह मेदिनीनगर के लोग सहयोग करते हैं, उम्मीद करते हैं शाहपुर की समिति भी भरपूर मदद करेगी, ताकि यहां की भी रामनवमी यादगार बन जाए। शाहपुर की सेवा और भव्य मान सम्मान बढ़ाऊंगा। मनोज सिंह ने कहा कि धर्मस्थल प्रेरणा के स्रोत बन रहे हैं। सनातनियों ने कुंभ मेला में अपनी जबरदस्त उपस्थिति दिखाई है। देश की आधी आबादी इस मेले में पहुंच गई थी। इससे साबित होता है कि लोगों में धार्मिक आस्था का संचार हुआ है। वहीं, वरिष्ठ संरक्षक गणेश गिरी ने कहा कि पलामू में रामनवमी की परंपरा 90 साल से अधिक पुरानी है। मेदिनीनगर और शाहपुर की पूजा समिति मिलकर कार्य करते हैं। डालटनगंज की रामनवमी को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मंगल सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संरक्षक विजय ओझा, गणेश गिरी, मनोहर कुमार लाली, नरेश प्रसाद सोनी, प्रभात कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार, अरविंद कुमार अग्रवाल, अशोक गिरी, लव तिवारी, रितेश कुमार, शुभम कुमार, रितेश कुमार, नीरज कुमार, राजू चंद्रवंशी, मुकेश अग्रवाल समेत अन्य को पगड़ी और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय उद्घाटन और सम्मान समारोह के बाद शाहपुर के विवेकानंद चौक पर वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार जेनरल अध्यक्ष द्वारा झंडा स्थापित किया गया।

झंडा लगाने एवं अन्य कार्यक्रमों में शाहपुर जनरल के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डू, अनिल जायसवाल, भोला पांडे , सत्यजीत उर्फ डब्ल्यू जायसवाल, सुनील गुप्ता, दिपक जायसवाल, मिंशु जायसवाल, लवलेश प्रजापति सोनू जायसवाल, गणेश जायसवाल, उमेश जायसवाल आदि सक्रिय रहे।

# डेंटल कॉलेज में युवा सशक्तिकरण और कौशल कार्यशाला एस प्लस का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में पांच दिवसीय युवा सशक्तिकरण और कौशल कार्यशाला एस प्लस का आयोजन किया गया। कार्यशाला 26 से 30 मार्च तक सफलतापूर्वक आयोजित हुई। एचसीडीएसएच ओएमआर विभाग के प्रोफेसर सह आर्ट ऑफ लिविंग संगठन के संकाय सदस्य डॉ देवर्षि नंदी ने कार्यशाला का नेतृत्व किया। जिसमें योग, प्राणायाम, ध्यान एवं सुदर्शन क्रिया के अनूठी श्वास प्रक्रिया शामिल रहा। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण योग समेत उत्तम स्वास्थ्य की जानकारी साझा की गयी। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि यह अभ्यास तनाव को कम करने, मानसिक स्पष्टता और नींद में सुधार करने, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने और कई अन्य लाभ लाने में मदद करता है। यह आईआईटी, आईआईएम, जिम्पर और मणिपाल जैसे प्रमुख भारतीय संस्थानों में पाठ्यक्रम का हिस्सा है। एचएसडीसीएच विजन के अनुरूप अपने कॉलेज में इन-हाउस एस प्लस कार्यक्रम आयोजित करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं। मौके पर एचसीडीएसएच ओएमआर विभाग के प्रोफेसर डॉ. देवर्षि नंदी ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संगठन, सबसे प्रतिष्ठित धर्मार्थ स्वयंसेवी संगठनों में से एक है। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के विजन के तहत तनाव मुक्ति, आत्म-विकास, आघात और संघर्ष समाधान और सहायता सहित वैश्विक मानवीय कार्यों में लगा हुआ है। प्रतिभागियों ने गहन योग, ध्यान, मजेदार गतिविधियों और खेलों में भाग लिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उच्च ऊर्जा स्तर, बढ़े हुए उत्साह, बेहतर मानसिक स्पष्टता और हल्कापन महसूस करने की बात कही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा-2024-25 के परिणाम घोषित

# परिश्रम ही सफलता की कुंजीः कुशजी पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सत्र- 2024-25 के कक्षा अरुण से नवम तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, सतीश सिंह, राजेश सिंह, आलोक कुमार और प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी भैया-बहनों ने अध्ययन कर अपने भविष्य का निर्माण किया। ऐसे छात्र निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। परीक्षाफल विद्यालय का दर्पण होता है। कक्षा अरुण से नवम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वहीं शिशु वाटिका खंड में शिवाजी संगम ने 99 प्रतिशत, प्राथमिक खंड में सिद्धार्थ शौर्य ने 97 प्रतिशत और माध्यमिक खंड में अभिषेक कुमार यादव ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। उनका उत्साहवर्धन एवं मंगल कामना करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि दो अप्रैल से नवीन सत्रारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया जाएगा। वहीं, डॉ शिवप्रसाद मेहता ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। सफलता का मूलमंत्र कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प है। जो विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है। इस मौके पर परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह, दीपक पांडेय, राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, चंदन कांस्यकार, नीतीश मिश्रा, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक, रंजीत मिश्र, शशि कुमार, छाया कुमारी, हर्षदा चौबे आदि उपस्थित रहे।

# कोयलांचल के ईदगाहों-मस्जिदों में अदा की गयी ईद की नमाज, मांगी गयी अमन-चैन की दुआ

## संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट-पुलिस बल की तैनाती, कंट्रोल रूम से रखी गयी नजर

**एक-दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई, प्रशासन अलर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** ईद-उल-फितर के अवसर पर सोमवार को जिले के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर नमाजियों ने देश की खुशहाली, बरकत, अमन और चैन की दुआ मांगी। विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह 7.15 बजे से नौ बजे तक ईद की विशेष नमाज अदा की। डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। सभी थाना क्षेत्र और संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुबह छह बजे से कंट्रोल रूम कार्यरत रहा। कंट्रोल रूम में कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है। ईद-उल-फितर पर जिले के झरिया, एना इस्लामपुर, तेतुलमारी, बलियापुर, पूर्वी टुंडी, टुंडी, निरसा, कलियासोल, बाघमारा, एगारकुंड सहित धनबाद के रेलवे ग्राउंड, नया बाजार ईदगाह मस्जिद, टीसी कंपाउंड मस्जिद, हैदरी मस्जिद लोहा मार्केट, मनईटांड़ मस्जिद, नूरी मस्जिद वासेपुर, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद वासेपुर, शमशेर नगर ईदगाह, इसलामपुर ईदगाह, नयी मस्जिद वासेपुर, रहमतगंज मस्जिद, सी ब्लाक मदरसा इस्लामिया भूली, डी ब्लाक टाउनशिप ईदगाह भूली, अहसन आलम मस्जिद मारुफगंज, मदीना मस्जिद कुसुण्डा स्टेशन, कोयला नगर मस्जिद, रजा मस्जिद शमशेर नगर, गौसिया मस्जिद भट्ठा मोहल्ला नया बाजार, गौसिया मस्जिद मिल्लतगंज, बगदादी मस्जिद चेक पोस्ट कतरास रोड, जोनल ट्रेनिंग स्कूल वासेपुर, आजाद नगर ईदगाह सहित अन्य ईदगाह और मस्जिद में नमाज अदा की गयी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियां बांटी गयी।

# नवरात्र शुरू, दूसरे दिन हुई माता ब्रह्मचारिणी के स्वरूप की पूजा



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** हिंदुओं का महापर्व नवरात्र रविवार को कलश स्थापन और माता रानी के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा के साथ शुरू हो गया। सोमवार को माता के ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा कसमार प्रखंड के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ की गई। इसके साथ ही घरों में कलश स्थापना कर प्रथम और द्वितीय दिन माता के शैलपुत्री और ब्रह्मचारिणी रूप का पूजन कर श्रद्धालुओं ने अपने सुखी जीवन की कामना की। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में भी पंडित काली चरण ठाकुर ने कलश स्थापित कर सोमवार को द्वितीय रूप की पूजा अर्चना की। संध्या में महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। पूजा कमेटी के दिनेश चंद्र महतो, श्रीपति महतो, धीरेन्द्र महतो, कैलाश महतो, सिद्धेश्वर महतो, अनिल कुमार महतो, डॉ लालमोहन आदि ने बताया कि दुर्गा माता मंदिर में 1979 ई से ही मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। पूर्व में छोटा सा मंदिर बनाया गया था जिसे तोड़कर उसी स्थान पर अभी भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। शिला निर्मित माता की मूर्ति भी यज्ञ आदि अनुष्ठित कर स्थापित की गई है। दुर्गा माता मंदिर के समीप हनुमान जी का भी समकालीन निर्मित मंदिर के स्थान पर भव्य मंदिर बनाया गया है, जहां से रामनवमी के दिन विशाल जुलूस निकाली जाती है।

# कार चला रहे नाबालिग ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

## आक्रोशित लोगों ने विरोध में की सड़क जाम, पुलिस ने समझा कर शांत कराया

**पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर शुरू की आगे की कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क जाम करने वाले लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराती पुलिस।

**कतरास।** कतरास-फुलारीटांड़ रोड के भटमुड़ना ढलान के पास सोमवार को तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच टक्कर हो गयी। हादसा इतना भीषण था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान दुनियालाल सिंह (40) के रूप में हुई है। वह बेहराकुदर का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। उनके नाम कुंदन सिंह और कार सवार आयुष यादव है। पता चला है कि कार आकाशकिनारी निवासी स्वर्गीय मनोज यादव की है। सूत्रों की मानें तो कार मनोज यादव का नाबालिक बेटा दुल्ली यादव चला रहा था। कार में दुल्ली के अलावा विजय यादव के बेटे आयुष यादव और सुजय यादव सवार थे। उधर, सड़क हादसे की सूचना पाकर कतरास पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बाइक एवं कार को जब्त कर लिया। वहीं, सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दुनियालाल को मृत घोषित कर दिया। वह चार बच्चों का पिता है। जबकि गंभीर रूप से घायल कुंदन और आयुष को बोकारो रेफर किया गया। दूसरी ओर, घटना के आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर राजगंज-महुदा राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। इसकी खबर पाकर कतरास पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया।

### तेज रफ्तार बनी काल

स्थानीय लोगों की मानें तो इस दिन एक कार काफी तेज गति से छाताबाद की तरफ से भटमुड़ना की ओर जा रही थी। वहीं एक बाइक पर सवार होकर दुनियालाल सिंह जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक सवार को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इस बादसे में गंभीर रूप से घायल दुनियालाल सिंह ने दम तोड़ दिया। जबकि कुंदन का इलाज चल रहा है। वहीं, कार सवार आयुष को भी काफी चोट आयी है।

# बेरमो कोलयांचल में ईद का उल्लास, नमाज अदा कर की गयी शांति-सौहार्द की कामना

## विधायक ने घरों में जाकर दी ईद की बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** देश में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने की दुआ के साथ पूरे बेरमो कोयलांचल में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई। अल्पसंख्यकों ने ईदगाह, मस्जिदों और करगली फुटबॉल मैदान में ईद की नमाज अदा की। करगली फुटबॉल मैदान में हाफिज एहशानुल हौदा ने लोगों को नमाज अदा करायी। धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। साथ ही देश में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी। उसके बाद लच्छे-सेवइयों की मिठास का लुत्फ लेते हुए परिवार के सदस्यों सहित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम धर्मावलंबियों के समाजसेवियों ने ईद की खुशी में सभी के लिए सेवई सहित अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रबंध किया था। वहीं, करगली गेट स्थित घुटियाटांड, रहिमगंज, करगली बाजार, पुराना बीडीओ ऑफिस, भेडमुक्का, राजाबेड़ा, ढोरी स्टॉफ क्वार्टर, पटेल नगर आदि क्षेत्रों में ईद की नमाज ईदगाह या मस्जिदों में पढ़ने की परंपरा रही है, जहां हजारों लोग शामिल हुए। इस बार मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक नमाज इमाम, मुआज्जिन एवं मुतवल्ली ने अदा करायी। कुछ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने घरों में ही ईद की नमाज पढ़ी। हाफिज एहशानुल हौदा ने बताया कि मुस्लिम धर्म में ईद सबसे बड़ा त्योहार है। एक महीना रोजा रखने के बाद ईद मनायी जाती है। कहा कि हम लोगों ने देश की अमन और शांति के लिए अल्लाह से दुआ मांगी है। सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर रहे और मुल्क की तरक्की में अपना योगदान दे।

### शांतिपूर्ण ईद के लिए बेरमो थाना प्रभारी ने कहा 'शुक्रिया'

बेरमो की पुलिस विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रही। थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए शुक्रिया कहा है।

### बच्चों ने की मस्ती

बच्चों ने नए कपड़े पहनकर ईद की नमाज घर में अदा करने के बाद बड़ों से ईदी वसूली। उसके बाद ईद की खुशी मनाते हुए खूब मस्ती की। फुसरो की बाटागली, रहीमगंज, घुटियांटाड, रजा नगर, भेड़मुक्का, राजाबेड़ा आदि में नए कपड़ों में निकले बच्चों के चेहरों पर ईद की खुशी थी। वहीं, बेरमो कोयलांचल के कई मुस्लिम बहुल मुहल्लों को रंगबिरंगे गुब्बारों और झालरों से सजाया गया। इसमें बाटा गली फुसरो, रहीमगंज, रजा नगर, भेडमुक्का, राजा बेड़ा आदि स्थान शामिल है। उधर, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ उषा सिंह ने कारोबारी मंजूर हसन उर्फ जिया के निवास पर जाकर और विस क्षेत्र के कई मुस्लिम धर्मावलंबियों के घर जाकर ईद की बधाई दी। मौके पर फुसरो नप उपाध्याय छेदी नोनिया, परवेज अख्तर, उत्तम सिंह, मो इलियास हुसैन, मो महबूब, हाशिम अंसारी, मो जावेद, ताहिर अंसारी, जसीम रजा उर्फ गुडडू, मो करीम, मो वसीम रजा, सलीम जावेद उर्फ मोती, सादीक अख्तर, इमरान खान, बदरे आलम, अजगर खान, साजिद खान और इमरान खान आदि मौजूद थे।

# टोल टैक्स में बढ़ोतरी, आज से वाहन चालकों की जेबें होंगी ढीली




**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की ओर से संचालित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग टोल टेक्स में वाहनों के आवागमन में 5 से 15 फीसदी तक टैक्स दर में वृद्धि की गई है। बढ़ी हुई टोल दर एक अप्रैल से लागू हो जायेगी। 2025/26 में अब छोटी-बड़ी कमर्सियल वाहनों से बढ़े हुए दर पर ही टोल संग्रहण किया जायेगा। कुलगो टोल प्लाजा पाथ इंडिया लिमिटेड कम्पनी की ओर से संचालित है। बता दें कि वाहन टोल टैक्स में भारी वृद्धि की हुई है। अब जेब में लंबी दूरी तय करने वाले वाहनों को अधिक पैसे का बुगतान करना होगा। इस संबंध में टोल के संचालक वरिष्ठ प्रबंधक रामअवतार मुदगल ने बताया कि कुलगो टोल प्लाजा पर एनएचएआई के दिशानिर्देश के अनुसार कार्य किया जा रहा है। कुलगो टोल प्लाजा एनएचएआई के अनुबंध की शर्तो एवं नियमानुसार ही चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर की दूरी के चार पहिया व्यक्तिगत वाहन को भी एनएचएआई के नियम के आधार पर 340 रुपए के मासिक पास लेने का प्रावधान है, लेकिन अब एक अप्रैल से नियमा अनुसार 350 रुपा देना पड़ेगा।

# खुदिया कोलियरी कार्यालय में सीबीआइ का छापा, 15 हजार रिश्वत लेते दो क्लर्क गिरफ्तार

**सेवानिवृत कोल कर्मी से भुगतान के एवज में मांग रहे थे 15 हजार रुपये की घूस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम ने कोल इंडिया की इकाई ईसीएल मुग्मा एरिया के खुदिया कोलियरी कार्यालय में सोमवार को दबिश दी। इस दौरान सीबीआई की टीम ने खुदिया कोलियरी के दो क्लर्क को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान अरविंद कुमार राय और क्लर्क शीतल राय के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक उमेश कुमार सिंह ईसीएल कोलियरी से रिटायर्ड हुए थे। वह रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पावना राशि के भुगतान के लिए लगातार कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। पावना राशि भुगतान के एवज में खुदिया कोलियरी कार्यकाल में कार्यरत क्लर्क अरविंद कुमार राय रिश्वत मांग रहा था। जिससे परेशान होकर उमेश कुमार सिंह ने मामले की लिखित शिकायत सीबीआई से की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जांच पड़ताल की, तो मामले को सही पाया। जिसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और कोलियरी कार्यालय में दबिश दी। क्लर्क अरविंद राय द्वारा अपने अधीनस्थ क्लर्क शीतल बाउरी को घूस की राशि लेने को कहा। शीतल बाउरी ने घूस के 15 हजार रुपए लिए और फिर उस राशि क्लर्क अरविंद राय को दिए। इस दौरान सीबीआई ने दोनों को 15 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा। सीबीआई एसपी पीके झा ने बताया कि पीड़ित की ओर से मामले की लिखित शिकायत की गई थी, जिसके आलोक में जांच पड़ताल के दौरान मामल सही पाया। जिसके बाद ईसीएल मुग्मा एरिया के खुदिया कोलियरी कार्यालय के कार्यरत क्लर्क अरविंद कुमार राय और क्लर्क शीतल राय को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। क्लर्क अरविंद राय द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी। जबकि क्लर्क शीतल राय ने रिश्वत की राशि लेकर क्लर्क अरविंद राय को दी। हालांकि सूत्रों की मानें तो सीबीआइ की टीम ने रिश्वत मामले में दो अन्य आरोपितों को भी हिरासत में लिया है। हालांकि उनके नामों का खुलासा नहीं हुआ है। उधर, सीबीआई की इस कार्रवाई के बाद कोलियरी क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# पहला कदम में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के स्कूल 'पहला कदम' में सोमवार को ईद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में धनबाद के पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सोहराब खान और दिलीप सिंह उपस्थित हुए। सोहराब खान ने कहा कि ईद का पर्व खुशियां बांटने का अवसर होता है। इसी भावना के साथ पहला कदम स्कूल में हर साल दिव्यांग बच्चों के साथ ईद मनाने आते हैं। वहीं, संस्था की सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह हम सभी मिलकर दीपावली, होली और दुर्गा पूजा जैसे त्योहार मनाते हैं, उसी तरह हम ईद भी मिलकर मनाते है। यह संदेश सामाजिक सद्भावना और एकता को बढ़ावा देता है। वहीं, बच्चों ने ईद पर नित्य प्रस्तुत किया।

# बस्तीवालों से नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं : रागिनी सिंह



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के बस्ताकोला प्रबंधन ने चांदमारी आठ नंबर बस्ती के लोगों को आवास खाली करने का नोटिस जारी किया है। जिससे स्थानीय लोगों मे आक्रोश है। लोगों का कहना है कि बीसीसीएल एक साजिश के तहत बस्ताकोला आउटसोर्सिंग में हैवी ब्लास्टिंग करा रहा है, ताकि बस्ती को हटाया जा सके। इसकी सूचना पाकर झरिया विधायक रागिनी सिंह सोमवार को चांदमारी आठ नंबर बस्ती पहुंची। उन्होंने कहा कि किसी भी किमत पर इस बस्ती को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। नोटिस जारी करने पर नाराजही जताते हुए कहा कि बेवजह नोटिस जारी कर लोगों को भयभीत ना करें। कहा कि बीसीसीएल एक साजिश के तहत कोयला खनन के लिए इनलोगों यहां से हटाना चाहत हैं। लेकिन मेरे रहते यहां के लोगों को आंच तक नहीं आएगी। अगर जरूरी पड़ा तो मैं बस्ती वालों के साथ धरने पर बैठूंगी। कहा कि बस्ती के बगल में माइंस चलती है तो बस्ती के लोगों की स्वीकृति लेनी होगी। अन्यथा माइंस को बंद करा दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बस्ताकोला महाप्रबंधक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यहां के लोग पानी-बिजली की समस्याओं से जुझ रहे है। जर्जर पाइप और भेल को बनाकर नियमित जलापूर्ति कराए। इसके अलावा 500 केवी का ट्रांसफार्मर लगाए, ताकि बिजली आपूर्ति दूरूस्त हो। रागिनी सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दो दिन बाद महाप्रबंधक से बातचीत कर यहां के लोगों की मुलभूत सुविधाओं के समाधान का प्रयासस करेंगीं। इस मौके पर ग्रामीण की ओर से रवि मिश्रा, प्रमोद सिंह बहादुर, कमलेश सिंह, संजय तिवारी श्यामाकांत राय, कमलेश तिवारी, सतेन्द्र सिंह, राजकुमार साह, सरफराज आलम, शबनम खातून, राशमूनी देवी, गीता देवी, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बलियापुर प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर : ऊषा महतो

## कहा- सभी प्रखंडों में 12 वर्षों से एक ही जगह जमे हैं कई जनसेवक

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिले में सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर और बलियापुर प्रखंड सहित लगभर सभी प्रखंडों के विभागों में पिछले 10 से 12 सालों से एक ही जगह पर कई जनसेवक जमे हुए हैं। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ सह बलियापुर जिला परिषद सदस्य उषा महतो ने धनबाद जिले के गोविंदपुर और बलियापुर प्रखंड सहित सभी प्रखंडों में 12 वर्षों से जमे पदाधिकारियों के तबादले की मांग की हैं। आरोप लगाया कि बलियापुर प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई भी काम बिना पैसों के लेन-देन के नहीं होता है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो ने कहा कि सिंदरी विधानसभा के गोविंदपुर, बलियापुर प्रखंड और टुंडी विधानसभा के तोपचांची प्रखंड के जनसेवकों का तबादला एकबार भी नहीं हुआ है। जबकि सरकारी नियम में तीन वर्ष में स्थानांतरण होता है। संबंधित पदाधिकारियों का तबादला उप विकास पदाधिकारी और जिला परिषद की ओर से किया जाता है। वर्षों से जमे हुए पदाधिकारियों का मूल कार्य कृषि है। पर इनसे कई तरह के काम लिए जा रहे हैं। प्रखंड के पदाधिकारी मलाई काट रहे हैं।

# जरीडीह प्रखंड सहित अन्य क्षेत्रों के हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ईद की नमाज लोगों ने अपने-अपने मस्जिदों में अदा करते हुए सोमवार को देश में अमन-चैन और भाइचारे की दुआएं मांगी। इसके साथ ही आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़ रजा मस्जिद, बांधडीह के उपर टोला, नीचे टोला, डाहीटांड़, तुपकाडीह, बारू, पाथुरीया, चिलगडडा, आराजू के मस्जिदों में नमाज अदा करते हुए लोगों को बधाई दी। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछवा, जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी, जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव रितूराज, जरीडीह थाना प्रभारी बिक्रम सिंह, झामुमो जिला निर्वतमान अध्यक्ष हीरालाल मांझी, बलराम तिवारी, उपेंद्र हेमब्रम, पंकज मरांडी ने ईद की मुबारक दी। मौके पर आशिक अंसारी, सादिक अंसारी, वहाव अंसारी, मोतिम अंसारी, मो खलील अंसारी, अख्तर शामी आदि मौजूद थे।

ओड़िशा में नौ नये मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति दी मुख्यमंत्री ने

# राज्य में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में होगा उल्लेखनीय सुधार: मुकेश महालिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य में नौ नये मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना की अनुमति देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मंत्री महालिंग ने कहा कि इससे आने वाले दिनों में राज्य में स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में और सुधार होगा और एक स्वस्थ और समृद्ध ओड़िशा के निर्माण में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में घोषणा की कि नये मेडिकल कॉलेज भद्रक, जगतसिंहपुर, ढेंकानाल नबरंगपुर, बुर्ला, ब्रह्मपुर, केऊंझर, बलांगिरी और रायरंगपुर में होंगे।

# मुख्यमंत्री ने शहीद राजकिशोर मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्योंझर जिले सदर ब्लॉक के नुआगांव के राजकिशोर मुंडा बिहार रेजिमेंट की छठी बटालियन में कार्यरत थे। स्वर्गत मुंडा 29 तारीख को अरुणाचल प्रदेश के तावांग में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये।

ओपीएससी परीक्षा के प्रश्नपत्र में त्रुटियां

# छात्रों ने ग्रेस मार्क्स की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में ओपीएससी द्वारा आयोजित एसडीआइपीआरओ परीक्षा के प्रश्न पत्र में त्रुटियां पाई गयी हैं। आरोप लगाया गया है कि अभ्यर्थियों ने पत्रकारिता और जनसंचार पत्र में प्रश्नों में त्रुटियों की शिकायत की है। 94 अंकों के लिए प्रश्न पूछे गये थे, लेकिन यह 100 अंकों का होना चाहिए। हालांकि, छात्रों ने शिकायत की कि 100 अंकों के बजाय केवल 94 अंक पूछे गये थे। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि यह पूर्ण अंकों से 6 अंक कम था। इसलिए परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र में गलतियों के लिए 6 ग्रेस मार्क्स मांगे हैं। ओड़िशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) ने ओड़िशा सूचना सेवा (ओआइएस) कैडर के लिए उप-विभागीय सूचना और जनसंपर्क अधिकारी (एसडीआइपीआरओ) परीक्षा आयोजित की, जिसकी लिखित परीक्षा 29 और 30 मार्च, 2025 को आयोजित की गयी थी।

# जेएसपीएल में ओम प्रकाश जिंदल की 20वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अपने दूरदर्शी संस्थापक, ओम प्रकाश जिंदल की 20वीं पुण्य तिथि मनायी, जिसमें अंगुल संयंत्र में एक मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और विभिन्न अन्य सामाजिक सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिंदल नगर देवभूमि मंदिर में अखंड राम चरित मानस पूजा के साथ अनुष्ठान शुरू हुआ, जहां पंकज मल्हान, कार्यकारी निदेशक (अंगुल इकाइ), दामोदर मित्तल, कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं), दिलीप सिन्हा, सीएचआरओ, विभाग प्रमुखों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ, ओपी जिंदल, जिन्हें प्यार से बाउजी के नाम से जाना जाता है। जेएसपी ने ओड़िशा ब्लड सेंटर डीएचएच अंगुल, आठमलिक और तालचेर के सहयोग से अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) शाखा, जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवीय सेवा के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए 751 यूनिट रक्त दान किया।

जेएसपी के सीएचआरओ, दिलीप सिन्हा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों और स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से डॉ शिबानंद महांति डीडीएम और पीएचओ अंगुल को वाहन की चाबियां सौंपी। जेएसपी के भुवनेश्वर कार्यालय के कर्मचारियों ने भी ओपी जिंदल को उनकी 20वीं पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, चार लड़कियां बचायी गयीं

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के खोरधा जिले में सोमवार को एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। जिले के दलईपुट इलाके में सेक्स रैकेट चल रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, खोरधा जिले के दलईपुट इलाके में सेक्स रैकेट सक्रिय था। एक सूत्र से पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस के विशेष दस्ते ने घर में छापा मारा और कुछ युवकों को आपत्तिजनक हालत में पाया। पुलिस को वहां चल रहे सेक्स रैकेट के बारे में पर्याप्त सबूत मिलने के बाद वहां से चार युवतियों को मुक्त कराया गया। साथ ही पुलिस ने वहां ग्राहक बनकर गये और 10 युवकों को भी गिरफ्तार किया। पता चला है कि यहां पिछले कई सालों से सेक्स रैकेट चल रहा था।

## भूमि विवाद मामले की जांच के दौरान पुलिस पर हमला, छह गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर के भरतपुर क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर अपने भाई और मामले की जांच करने गयी पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को उसके परिवार के पांच सदस्यों और समर्थकों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने भरतपुर पीएस केस संख्या-161 दिनांक 31.03.2025 में पांच लोगों को धारा-126(2) /118(2) /109 /296/351(2)/3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया और उनकी पहचान रश्मिता नायक (35), आरती मोहराणा ।

# एसओए ने कीट आधारित औद्योगिक उत्पादों के विकास के लिए इंसेक्टिका बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) ने कीट-आधारित औद्योगिक उत्पादों के लिए बेहतर औद्योगिक तरीकों के सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास के लिए इंसेक्टिका बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (आइबीपीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इंसेक्टिका बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने और खाद्य सुरक्षा में सुधार करने के लिए जैविक कचरे को पशु आहार के लिए प्रोटीन में पुनर्चक्रित करके खाद्य अपशिष्ट, असंतुलित मछली पकड़ने और वनों की कटाई को कम करके कीटों की शक्ति का उपयोग करता है। एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा और आइबीपीएल के निदेशक अरुण कुमार दास के बीच शनिवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इसके अलावा, आइबीपीएल ओड़िशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और आइसीएआर-केंद्रीय खारा जल जलीय कृषि संस्थान, चेन्नई के सहयोग से ब्लैक सोल्जर फ्लाई पर आधारित पोल्ट्री और विभिन्न जलीय कृषि फीड के लिए सूत्र भी रखता है। समझौते के दायरे में अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों और भारतीय शोध संस्थानों के साथ सहयोग करना भी शामिल है, ताकि कीट-आधारित औद्योगिक उत्पादों के विकास के लिए अनुसंधान और अनुदान प्राप्त किया जा सके। समझौता ज्ञापन के दायरे में निर्यात के लिए मछलीघर प्रजातियों और खाद्य मछली सहित उच्च मूल्य वाली मछली किस्मों के लिए बीएसएफ का उपयोग करके पोषण संबंधी फीड का विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से कॉस्मेटिक उद्योग में कीट तेल के अनुप्रयोग की जांच और औद्योगिक खेती में उपयोग के लिए कीट मल को बढ़ाना शामिल है। इस अवसर पर एसओए की प्रो-वाइस चांसलर प्रो डॉ नीता मोहंती, एसओए के सेंटर फॉर इंडस्ट्रियल बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च (सीआइबीआर) के निदेशक प्रो एचएन थाटोई, एसओए के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार पांडा, इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) की प्रो सस्मिता मोहंती, सीआईबीआर की सहायक प्रोफेसर (अनुसंधान) डॉ अमृता बनर्जी, सीआइबीआर के सहायक प्रोफेसर (अनुसंधान) डॉ सौरव चट्टोराज, आईबीपीएल के निदेशक डॉ कमलेश मिश्रा, आईबीपीएल की अनुसंधान प्रमुख डॉ चिंमयी आचार्य और आइबीपीएल के मानव संसाधन और प्रशासन संतोष बिस्वाल उपस्थित थे।

# चौद्वार निर्गुंडी में ट्रैक की मरम्मत का काम पूरा, ट्रेनों की आवाजाही सामान्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने कटक-निर्गुंडी रेल खंड की दोनों पटरियों पर ट्रेन सेवाएं सोमवार सुबह फिर से शुरू हुईं और पटरियों के माध्यम से ट्रेन की आवाजाही अब सामान्य हो गयी है। कटक निर्गुंडी के पास सुबह 7:15 बजे तक ट्रैक मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया। मरम्मत का काम 12 घंटे से अधिक का समय लगा। पूरी रात मरम्मत का काम चलता रहा।

एक हजार से अधिक श्रमिक कार्यरत थे। रविवार को बेंगलुरु-कामाखा एक्सप्रेस ट्रेन डाउन ट्रैक पर उतर गयी थी। जिसके चलते डाउन ट्रैक पर ट्रेन चलाचल संपूर्ण रूप से बंद था। मंगुली पैसेंजर हॉल्ट के पास बेंगलुरु-कामाक्षा एसी सुपरफास्ट के 11 डिब्बे पटरी से उतर गयी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गये जिनका इलाज चल रहा है। हादसा कैसे हुआ इसकी जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त कर रहे है ।

# छह अप्रैल तक विभिन्न जिलों में बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** छह अप्रैल तक विभिन्न जिलों में बारिश होगी। गरज चमके के साथ बारिश के लिए कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, कलाहांडी, कंधमाल, बौध, अंगुल, मयूरभंज, क्योंझर और रायगढ़ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इसी तरह कल कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, रायगढ़ा, कलाहांडी, नुआपड़ा, बलांगीर, कंधमाल, बौध और अंगुल जिलों में काल बैशाखी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने दो अप्रैल को 13 जिलों के लिए पीली चेतावनी जारी की है। चार तारीख को भी दक्षिण ओड़िशा के ज्यादातर जिलों में बारिश की संभावना है। हालांकि, पांच अप्रैल को तटीय ओड़िशा के अधिकांश जिलों में काल बैशाखी बारिश होगी। सात अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश होगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने पूवार्नुमान लगाया है। हालांकि, चेतावनी 5 अप्रैल तक के लिए जारी की गयी है।

## मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद लागू होगी आबकारी नीति : पृथ्वीराज हरिचंदन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नयी आबकारी नीति की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं। जिसके चलते महीनों पुरानी आबकारी नीति को बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद नयी आबकारी नीति लागू होगा। कानून औरं आबकारी मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने इसकी जानकारी दी।





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**